# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024


गुण-दोष, परफार्मेंस समेत कई बिंदुओं पर आंकलन, इसलिए 20 दिनों बाद किया बदलाव

# सीएम साय का दिखा संयम, अफसरों के काम के खास अंदाज को देखा-परखा फिर किया बड़ा फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नई सरकार ने पहली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। सीएम विष्णुदेव साय ने पदभार ग्रहण करने के 20 दिनों के बाद थोक में बदलाव किया। विलंब इसलिए हुआ क्योंकि श्री साय ने गुण-दोष और परफार्मेंस के आंकलन-समीक्षा के आधार पर अफसरों का चयन किया। प्रशासनिक कसावट को देखते हुए जमावट के लिए उन्होंने संयम दिखाया और काबिलियत के अनुसार अफसरों को फील्ड से लेकर मंत्रालय-सचिवालय में बैठाया। अफसरों को उनके काम के खास अंदाज की वजह से स्थान मिला है। इस बदलाव में उन अफसरों को भी तवज्जो दी गई है, जो पिछले पांच साल महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से वंचित रहे। जिन लोगों की छवि अच्छी है, उन्हें सामने लाया गया है। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर रहे कई अफसरों का स्थान बदला गया है।

श्री साय ने 13 दिसंबर को सीएम पद की शपथ ली। आमतौर पर सरकार गठन के तत्काल बाद फेरबदल का सिलसिला शुरू हो जाता है, लेकिन श्री साय ने ऐसा नहीं ▶▶| शेष पेज 6 पर

## सीएम से मिले श्रीवास्तव



जनसंपर्क विभाग के आयुक्त मयंक श्रीवास्तव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात गुरुवार शाम राज्य अतिथि गृह पहुना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बस्तर संभाग के अधिकतर कलेक्टरों को बदला

जल संसाधन विभाग के विशेष सचिव, विशेष प्रभार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग और सचिव लोक आयोग अनुराग पाण्डेय को बीजापुर का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। श्री पाण्डेय 2009 बैच के आइएएस हैं। रायपुर नगर निगम के आयुक्त रहे 2017 बैच के आईएएस मयंक चतुर्वेदी को दंतेवाड़ा का कलेक्टर बनाया गया है। 2017 बैच के आईएएस एवं बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त कुणाल दुदावत को कोंडागांव का कलेक्टर नियुक्त किया गया है। वहीं कांकेर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को भी हटा दिया गया है। बस्तर संभाग में बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा सहित कांकेर कलेक्टर पर चुनाव के समय शिकायतें भी हुई थीं।

## ऐसा भी संयोग





### ओपी मंत्री और उनकी बैचमेट सचिव

बुधवार की देर रात किए गए फेरबदल में अजीब संयोग भी देखने को मिला। यह संयोग आईएएस आर. संगीता से जुड़ा हुआ है। 2005 बैच की आईएएस आर. संगीता को आवास और पर्यावरण विभाग की सचिव और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की चेयरमैन बनाया गया है। दरअसल, आवास और पर्यावरण विभाग के मंत्री ओपी चौधरी हैं। ओपी भी 2005 बैच के आईएएस हैं और इसी बैच की संगीता भी। इस बैच में छत्तीसगढ़ कैडर में 6 आईएएस थे, मगर ओपी के वीआरएस लेने के बाद अब पांच हैं। इनमें से रजत कुमार और मुकेश बंसल सेंट्रल डेपुटेशन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### आईएफएस कटियार की सेवाएं वन विभाग को वापस

आईएफएस आलोक कटियार की सेवाएं वन विभाग को वापस सौंपी गई है। श्री कटियार पिछले 10 सालों से सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्ति पर थे। क्रेडा और पीएचई विभाग में सचिवों की नियुक्ति के बाद उनकी सेवाएं वन विभाग को वापस कर दी गई है। जीएडी ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी

**मुंबई।** आईपीएस की वरिष्ठ अधिकारी रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र का डीजीपी नियुक्त किया गया। वर्ष 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी शुक्ला प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल की महानिदेशक के रूप में पदस्थ थी। पूर्व डीजीपी रजनीश सेठ के 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर को डीजीपी महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।



### विधायक, पूर्व विधायक के ठिकानों पर छापे

**चंडीगढ़।** ईडी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत गुरुवार को राज्य के कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार, इंडियन नेशनल लोकदल के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और कुछ अन्य के परिसरों पर छापेमारी की। अधिनियम के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और उनसे जुड़ी इकाइयों के 20 परिसरों की तलाशी ली जा रही है।



झारसुगड़ा से रायगढ़ आएंगे, आखिरी पड़ाव होगा बलरामपुर, वहां से जाएंगे वाराणसी

# छग में राहुल की न्याय यात्रा होगी 536 किमी लंबी, 7 जिले होंगे कवर, सरगुजा पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा का रूट मैप तैयार की लिया गया है। कांग्रेस संगठन को सक्रिय करने पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू होने वाली यह पदयात्रा महाराष्ट्र के मुंबई में खत्म होगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को राजनीतिक, आर्थिक और समाजिक न्याय दिलाना है। छत्तीसगढ़ में यह 536 किमी का रूट तय करेगी, इनमें 7 जिलों को कव्हर किया जाएगा।*

ओडिसा के झारसुगड़ा से रायगढ़ जिले से प्रवेश करते हुए सक्ती, जांजगीर-चांपा, कोरबा से सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर होते हुए वाराणसी उत्तरप्रदेश प्रवेश करेगा। यह यात्रा छत्तीसगढ़ में 18 फरवरी के आसपास आएगी।

न्याय यात्रा का रोड मैप तैयार करने दिल्ली में एआईसीसी ने महत्वपूर्ण बैठक रखी थी। बैठक में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पीसीसी अध्यक्ष भी मौजूद थे। राज्य में यात्रा का जो रूट मैप तैयार हुआ है उनमें बताया गया है कि ओडिशा से यह यात्रा रायगढ़ जिले में प्रवेश करेगी। यहां से राहुल का कारवां जांजगीर-चापा जिले से सरगुजा संभाग में प्रवेश करेगा। यहां से यह यात्रा उत्तरप्रदेश जाएगी। बताया जाता है कि नेता प्रतिपक्ष ने रायगढ़ और जांजगीर-चांपा जिले से गुजरने वाली यात्रा के दौरान ▶▶| शेष पेज 6 पर

### चार लोकसभा सीटों पर फोकस

पार्टी सूत्रों के अनुसार यात्रा का रोडमैप लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बनाया गया है। 14 राज्य के लगभग 100 लोकसभा सीटों को यात्रा के जरिए कव्हर किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की 4 लोकसभा सीटें इस यात्रा के रूट मैप में शामिल है। इनमें कोरबा, सरगुजा, जाजगीर-चांपा, रायगढ़ लोकसभा सीट शामिल हैं। चारों सीटों में से कांग्रेस के पास अभी केवल कोरबा लोकसभा सीट है, शेष पर भाजपा का कब्जा है।



### कांग्रेस में शामिल हुईं शर्मिला

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी और युवजन श्रमिक रायथू तेलंगाना पार्टी की संस्थापक वाई. एस. शर्मिला कांग्रेस में शामिल हो गईं।

### छत्तीसगढ़ में सरगुजा को साधने की रणनीति

फरवरी में ओडिशा से राहुल गांधी की यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर जाएगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक राहुल की यात्रा का जो रोडमैप तैयार किया गया है, उसमें स्पष्ट है कि सरगुजा संभाग को कांग्रेस साधना चाहती है। विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को इन इलाकों में करारी शिकस्त मिली है। 2019 में भी बस्तर-कोरबा छोड़ अन्य इलाकों की सीट पर कांग्रेस को जीत नहीं मिली थी। पार्टी इस बार कम से कम 11 में से 6 सीटों को किसी भी हाल में फतह करना चाहती है।

### राहुल की यात्रा का नाम अब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

- 6,713 किमी की यात्रा
- 110 जिले
- 100 लोकसभा सीटें
- 337 विधानसभा क्षेत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में मणिपुर से मुंबई तक 14 जनवरी से शुरू होने वाली यात्रा का गुरुवार को नाम बदलकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' कर दिया। यह यात्रा अरुणाचल प्रदेश सहित 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में पार्टी महासचिवों, राज्य प्रभारियों, राज्य इकाई प्रमुखों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसकी घोषणा की। पहले इसका नाम 'भारत न्याय यात्रा' था।

### खड़गे बोले कार्यकर्ता हों एकजुट

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर पिछले 10 साल की अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए भावनात्मक मुद्दे उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

भाजपा प्रभारी के ऐसे बोल

## माथुर बोले-राहुल पहले खुद के साथ तो कर लें न्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा की शुक्रवार को बड़ी बैठक होने वाली है। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर इसी सिलसिले में गुरुवार शाम रायपुर पहुंचे। इस दौरान विमानतल पर श्री माथुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए राहुल गांधी की यात्रा पर पूछे गए सवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले वे अपने साथ तो न्याय कर लें। कांग्रेस पार्टी ने बहुत यात्राएं की हैं, राहुल गांधी पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं।



कांग्रेस पार्टी ने किसके साथ न्याय किया है। राहुल गांधी पहले खुद अपने साथ न्याय करें। जनता उनके बारे में क्या सोच रही है यह सभी जानते हैं। पिछले 65 सालों तक देश को इस खानदान ने लूटा है।

### मोदी की हर गारंटी होगी पूरी

श्री माथुर ने कहा, जब हमने प्रधानमंत्री आवास के लिए आंदोलन किया था, तभी हमने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही फैसला लेंगे। हमने अपना वादा पूरा किया है। मोदी की हर गारंटी को पूरा करने का काम हमारी सरकार करेगी। भाजपा जन कल्याण करने वाली सरकार है।

### सुबह से मंथन का सिलसिला

श्री माथुर शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे से ही मंथन शुरू करेंगे। सुबह से ही बैठकों का दौर प्रारंभ हो जाएगा। अलग-अलग बैठकों के लिए अलग-अलग बुलावा भेजा गया है। बुलावा भेजने के लिए भी अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मंत्री, सांसदों के अलावा मोर्चा और प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारियों को बुलाए जाने की खबर है।






## दिल्ली में 'मुरिया दरबार'





- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सफलता पर बधाई दी, बताया प्रदेश के लिए बड़ा अवसर
- जगदलपुर का मुरिया दरबार और बड़े डोंगर का लिमऊ राजा होंगे केंद्रीय विषय
- 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी चयनित

रायपुर। देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद : मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित कर लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य को मिली इस महत्वपूर्ण सफलता पर बधाई दी है, उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ा अवसर बताया है। नई-दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर होने वाली ▶▶| शेष पेज 6 पर

टिकट पर ईंधन शुल्क बंद

## इंडिगो से अब हवाई यात्रा 1000 रुपए तक सस्ती!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की कीमतों में कमी के बाद बृहस्पतिवार से ईंधन शुल्क वसूलना बंद करने की घोषणा की है। इससे कुछ लंबे मार्गों पर हवाई किराये में 1,000 रुपए तक की कमी आएगी। एयरलाइन ने एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में उछाल के बाद छह अक्टूबर, 2023 से ईंधन शुल्क वसूलना शुरू किया था। दूरी के आधार पर ईंधन शुल्क की मात्रा 300 रुपये से लेकर 1,000 रुपए तक तय की गई थी।



### कितना था ईंधन शुल्क

यदि उड़ान की दूरी 500 किलोमीटर तक हो तो प्रत्येक यात्री से 300 रुपये का ईंधन शुल्क लिया जाता था। 501-1,000 किलोमीटर की दूरी के लिए यह राशि 400 रुपये थी। ईंधन शुल्क 1,001-1,500 किलोमीटर के लिए 550 रुपये, 1,501-2,500 किलोमीटर के लिए 650 रुपये और 2,501-3,500 किलोमीटर के लिए 800 रुपये था। वहीं 3,501 किलोमीटर तथा उससे अधिक के लिए यह राशि 1,000 रुपये थी।

## छत्तीसगढ़ का विधानसभा बजट सत्र 5 फरवरी से 1 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के द्वितीय सत्र की अधिसूचना जारी हो गई है। 5 फरवरी से छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा। यह सत्र 5 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा। सत्र के दौरान 20 बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय ने जारी अधिसूचना में कहा है कि सत्र के दौरान राज्यपाल का अभिभाषण और वित्तीय कार्य के साथ शासकीय कार्य संपादित किए जाएंगे। भाजपा की नई सरकार सत्र के दौरान अपना पहला बजट पेश करेगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही विधानसभा सदस्यों द्वारा सवाल लगाने का ▶▶| शेष पेज 6 पर




# मोहल्ला क्लीनिक फर्जी टेस्ट मामले की होगी सीबीआई जांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति के बाद अब आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक्स में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्राइवेट लैब्स को लाभ पहुंचाने के लिए आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक्स में नकली मरीजों पर लाखों टेस्ट किए गए। इस मामले की सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग ने जांच की और अपनी रिपोर्ट विजिलेंस डिपार्टमेंट को भेज दी।

विजिलेंस की विस्तृत रिपोर्ट आने के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव ने फाइल उपराज्यपाल के पास भेजी. अब दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश की है। उपराज्यपाल कार्यालय ने विजिलेंस डिपार्टमेंट की रिपोर्ट के हवाले से कहा है, 'औचक निरीक्षण में पाया गया कि किसी भी मोहल्ला क्लीनिक में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। वे पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो के माध्यम से अपना अटेंडेंस दर्ज कर रहे थे। अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिख रहे थे। लाखों फर्जी टेस्ट के बदले प्राइवेट लैब्स को भुगतान किया गया। मरीजों की एंट्री दिखाने के लिए फर्जी और गैर-मौजूद मोबाइल नंबरों का उपयोग किया गया। इसमें कई सौ करोड़ रुपए के घोटाले की आशंका है। उपरोक्त आरोपों के आधार पर एलजी वीके सक्सेना ने मामले में सीबीआई इंक्वायरी की सिफारिश की है। इससे पहले एलजी ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार कई मरीजों की शिकायतों के बाद इहबास, एलएनजेपी और दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से दवाओं के सैंपल एकत्र किए गए। लैब टेस्ट में कई दवाओं के सैंपल मानक पर खरे नहीं उतरे थे। इसके अलावा दिल्ली 223 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार मामले में वन और वन्यजीव विभाग के दो अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जांच की अनुमति एलजी ने दी है। वीके सक्सेना ने 60,000 रुपये की रिश्वत मामले में दिल्ली सरकार के अस्पतालों में कार्यरत दो वरिष्ठ नर्सों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को जांच शुरू करने के लिए भी मंजूरी दे दी है।



एलजी ने दिए आदेश



# भाजपा मेरी गिरफ्तारी चाहती है ईडी का नोटिस गैरकानूनी

**नई दिल्ली।** ईडी समन मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दो साल में कई बार छापे पड़े। कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। ऐसे फर्जी केस में आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल में इन्होंने रखे हैं। खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। पूछताछ के बहाने केजरीवाल को बुला लो और गिरफ्तार कर लो, ताकि में लोकसभा चुनाव में प्रचार ना कर पाऊं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि ये सारे नोटिस गैर कानूनी हैं। क्या मुझे गैर कानूनी सम्मन का उत्तर देना चाहिए। मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की साजिश है। भाजपा का मकसद मुझे लोकसभा चुनाव के प्रचार से रोकना है। भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि जो इनकी पार्टी ज्वाइन कर लेते हैं। उसके सारे पाप धुल जाते हैं। मनीष सिसोदिया और संजय इसलिए जेल में हैं क्योंकि उन्होंने भाजपा को ज्वाइन नहीं किया। हमें लोकतंत्र को बचाना है। मैं पूरी ईमानदारी से इनका मुकाबला कर रहा हूं। हमने भ्रष्टाचार नहीं किया। ऐसे देश आगे नहीं बढ़ सकता। ये क्या चल रहा है। ये जनतंत्र के लिए गलत है। इसे रोकना है। मेरा तन मन धन देश के लिए है। मेरी सांस, खून की एक एक बूंद और कतरा देश के लिए है। मुझे आपका साथ चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि पिछले दो साल से भाजपा की एजेंसियों ने शराब घोटाले में कई छापेमारी की और कई गिरफ्तारी की। लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर नहीं मिला। ऐसे फर्जी केस में कई आप नेताओं को इन्होंने जेल में रखा हुआ है। अब भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है फर्जी समन भेजकर ये लोग मुझे बदनाम करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा हुआ है और मेरे वकीलों ने बताया कि वो समन गैर कानूनी है। कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं पूरा सहयोग करूंगा।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

पाठकों के लिए
## पाठक पुरस्कार योजना-2023

कूपन फार्मेट

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं |
| सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं | मास्टर कूपन यहां चिपकाएं | सामान्य कूपन यहां चिपकाएं |

नोट : फार्मेट जमा करने की अंतिम तिथि - 5 जनवरी से 31 जनवरी 2024 तक अपने जिला कार्यालय - संवाददाता एवं हरिभूमि कार्यालय में जमा कर सकते है।

**नियम एवं शर्तें :-** * हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं । * बम्पर ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। * इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 24 कूपन (16 सामान्य कूपन एवं 8 मास्टर कूपन ) प्रकाशित किये जाएंगे। * योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 24 कूपनों में से कुल 18 कूपन (12 सामान्य एवं 6 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। * फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन फार्मेट में मान्य नहीं होगे । * राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। * पाठक पुरस्कार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । * हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। * किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। * चित्र में दर्शाए गये उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । * हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आवश्यक नोट : फार्मेट के साथ आधार कार्ड या पहचान पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य है।**

### कार्यालय प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : ......................... एजेंसी का नाम : .................................................... दिनांक ...............

### ग्राहक प्रति

नाम : .................................... पिता/पति का नाम : .................................... पता : ....................................

मोबाईल : ......................... एजेंसी का नाम : .................................................... दिनांक ...............

बिलासपुर
शुक्रवार, 5 जनवरी 2024
पौष कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 23, अंक : 315
पृष्ठ : 12+6 = 18, मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 28.4
न्यून. 15.7

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



9 भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने ...

विचार पेज
2 राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस




अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
हमारा संकल्प विकसित भारत

मोदी सरकार की गारंटी
हर घर बिजली
सौभाग्य योजना के तहत 2 करोड़ 86 लाख घरों को बिजली कनेक्शन






# इंडिया ने रचा इतिहास... कैपटाउन में 31 बरस बाद पहली जीत, 147 साल में सबसे छोटा मैच, जो दो दिन में खत्म!

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

भारत को केपटाउन में 31 साल बाद पहली टेस्ट जीत मिली है। इससे पहले खेले गए 6 टेस्ट मैच में भारत ने दो मैच ड्रा करवाए थे जबकि चार में उसे हार का सामना करना पड़ा था। 1993 और साल 2011 में भारत टेस्ट मैच ड्रा करवाने में सफल रहा था। रोहित ने यहां मैच जीतकर इतिहास रच दिया।

दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच केपटाउन के न्यूलैंड्स में खेला गया सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच सिर्फ दो दिन में समाप्त हो गया। भारत ने दूसरे दिन ही 7 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया है। इस टेस्ट मैच में एक अनोखा कारनामा हुआ है। यह मैच 147 साल के इतिहास में गेंदों के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट मैच बन गया है। केपटाउन का यह मैच दूसरे दिन ही खत्म हो गया। इस मैच में दोनों टीमों की ▶▶|शेष पेज 6 पर

**04** सत्र में दोनों पारी समाप्त
**642** गेंदों में मैच खत्म
**107** ओवर का रहा मैच

### टेस्ट क्रिकेट के सबसे छोटे मैच

| टीमें | गेंद | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|
| भारत/द.अफ्रीका | 642 | केपटाउन | 2024 |
| ऑस्ट्रेलिया/द.अफ्रीका | 656 | मेलबर्न | 1932 |
| वेस्टइंडीज/इंग्लैंड | 672 | ब्रिजटाउन | 1935 |
| इंग्लैंड/ऑस्ट्रेलिया | 788 | मैनचेस्टर | 1888 |
| इंग्लैंड/ऑस्ट्रेलिया | 796 | लॉर्ड्स | 1888 |



### भारत पहला एशियाई देश

भारतीय टीम ने गुरुवार को साउथ अफ्रीका की धरती पर इतिहास रच दिया। वह पहली एशियाई टीम बन गई, जिसने केपटाउन के न्यूलैंड्स पर पहला टेस्ट मैच जीता। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंडियन टीम ने मेजबान देश को 7 विकेट से मात दी।

### 25वीं बार मैच दो दिन में खत्म

टेस्ट क्रिकेट के 147 साल के इतिहास में ऐसा सिर्फ 25वीं बार हुआ है। भारत के लिए यह सिर्फ तीसरा मौका है जब उसकी भागीदारी वाले मैच का नतीजा दो दिन में आ गया। भारत ने ऐसे तीनों टेस्ट में जीत हासिल की है। टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। तब से अब तक 2522 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं। इनमें से सिर्फ 25 टेस्ट मैच ऐसे हुए, जिनका नतीजा दो दिन के अंदर आ गया। यानी 0.99% टेस्ट ही इतनी जल्दी खत्म हुए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बंसल भाजयुमो, तावड़े ओबीसी मोर्चा प्रभारी



**नई दिल्ली।** भाजपा ने गुरुवार को संगठन के विभिन्न मोर्चों के प्रभारियों की जिम्मेदारी में भारी फेरबदल किया। इसके मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। वह पार्टी महासचिव तरुण चुघ की जगह लेंगे। चुघ अब अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रभार संभालेंगे। पहले, यह जिम्मेदारी भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि के पास थी। चुघ ने इस बदलाव से जुड़ी सूची 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मोर्चा प्रभारियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के नेतृत्व में संगठन द्वारा दिए गए दायित्वों का आप सभी पूरी निष्ठा और ऊर्जा से निर्वहन कर संगठन को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। अभी तक यह जिम्मेदारी पार्टी के अन्य राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह संभाल रहे थे। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी के साथ कुछ अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रहे सिंह को इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया।

### 10 लाख का इनामी आतंकी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हिज्बुल मुजाहिदीन के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। जावेद मट्टू जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में वांछित था। इसने जम्मू और कश्मीर में कई बड़ी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस से पहले हिजबुल के आतंकी के गिरफ्तार होने को बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। स्पेशल सेल ने हिजबुल के आतंकवादी को निजामुद्दीन फ्लाईओवर के पास से पकड़ा है।

राज्य सरकार बढ़ा सकती है तारीख, किसानों को राहत मिलने की उम्मीद

# धान बेचने अब वक्त कम, काम ज्यादा, टोकन बढ़ गए, पर वेटिंग लिस्ट छोटी नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/दुर्ग/सड़क अतरिया/निकुम/धमतरी/जगदलपुर

अलग खबर

राज्य में अब तक 35 से 30 प्रतिशत किसान अपना धान बेच नहीं पाए हैं। धान खरीदी की अंतिम तारीख 31 जनवरी निर्धारित है। इसे देखते हुए किसानों को अपने धान की चिंता सताने लगी है। सोसाइटियों में किसानों का धान खरीदने के लिए ऑनलाइन प्रणाली से टोकन दिया जा रहा है, लेकिन टोकन की सूची इतनी लंबी है कि कई किसानों का धान बेचने का नंबर आने में ही 15 से 20 दिन लग जा रहा है। वहीं कई किसानों को तो टोकन तक नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण ऐसे किसानों की चिंता और बढ़ी हुई है, जिनका धान घर के खुले आंगन या खेतों में पड़ा हुआ है। यह स्थिति राज्य के कई जिलों में बनी हुई है, जहां किसानों को टोकन कटने के बाद धान बेचने के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

### तीन की जगह अब चार टोकन मिल रहे किसानों को

धान खरीदी को लेकर जारी दिशा-निर्देश के अनुसार सोसाइटियों में अब तक प्रत्येक किसान को अपना पूरा धान बेचने के लिए तीन टोकन लेने पड़ रहे थे, लेकिन मौसम के कारण इस बार धान की कटाई में देर हुई, जिसके कारण नवंबर में बहुत कम धान की खरीदी हो पाई थी। ▶▶|शेष पेज 6 पर



### दुर्ग जिले में भी खुले आसमान के नीचे धान कर रहे रतजगा

*दुर्ग जिले में भी टोकन को लेकर धान खरीदी केंद्रों में यही स्थिति बनी हुई है। सोसाइटियों में टोकन कटने के 15 दिन बाद की तारीख धान बेचने किसानों को दी जा रही है। इससे किसानों के सामने संकट आन पड़ा है। जिले में 102 केन्द्रों में धान खरीदी हो रही है। जिले में 38 लाख क्विंटल धान खरीदी की गई है। इसमें मिलर ने सिर्फ 18 लाख क्विंटल का उठाव किया है। ऐसे में जिले के बीस केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। जाम के कारण सोसाइटी प्रबंधक 15 दिन बाद का टोकन दे रहे हैं। नगपुरा के किसान भिसहा धनकर घर में जगह नहीं* ▶▶|शेष पेज 6 पर

### बस्तर जिले में टोकन कटने के बाद बेच नहीं पा रहे धान, करनी पड़ रही पहरेदारी

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य अंतिम चरण पर चल रहा है। इसके बाद भी बस्तर जिले में अभी 50 फीसदी किसानों ने धान बेचा है। धान खरीदी के लिए 25 दिन रह गए हैं, जिसमें भी शनिवार-रविवार सहित अन्य सरकारी अवकाश पड़ेंगे। ऐसे में 50 फीसदी किसान अपनी उपज ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राजनांदगांव जिले में टोकन लेने में लग रहा समय

राजनांदगांव जिले में भी टोकन को लेकर यही स्थिति बनी हुई है। मौजूदा स्थिति में धान उपार्जन केंद्रों में करीब 40-50 फीसदी ही धान खरीदा गया है, वहीं आगामी बचे दिनों में धान ▶▶|शेष पेज 6 पर

### टोकन की लंबी वेटिंग से किसान परेशान

धमतरी जिले में दो माह में लगभग 60 प्रतिशत धान की खरीदी हुई है। अब खरीदी समाप्त होने में बहुत कम समय है और इस अवधि में 40 प्रतिशत खरीदी करना समितियों के लिए बड़ी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### रायपुर जिले में अब तक 40 प्रतिशत किसान नहीं बेच पाए धान



रायपुर जिले में अब तक लगभग 60 प्रतिशत ही किसानों का धान खरीदा गया है, जबकि 40 प्रतिशत किसान अब तक अपना धान बेच नहीं पाए हैं। मुजगहन निवासी किसान नारायण साहू एवं अशोक शर्मा ने बताया कि धान की कटाई किए 20 दिन से ज्यादा हो चुका है, लेकिन अब तक उन्हें टोकन नहीं मिल पाया है। इसके कारण धान को खेत से अपने घर के आंगन में खुले आसमान के नीचे रखने के लिए मजबूर होना पड़ा है। किसानों ने बताया कि धान को प्लास्टिक चादर से ढका तो है, लेकिन बेमौसम बारिश का लगातार डर बना हुआ है। बेचने से पहले अगर बारिश हो गई, तो इससे उन्हें बहुत नुकसान होगा। किसानों का कहना है कि शासन को टोकन बढ़ाने की जगह जल्द से जल्द किसानों का धान खरीदे, इसकी व्यवस्था करनी चाहिए।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह

# निमंत्रण पत्र पर मंदिर और बालरूप प्रभु राम की तस्वीर



एजेंसी ▶▶| अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण पत्र निर्माणाधीन मंदिर की भव्यता को प्रदर्शित कर रहे हैं, इसमें मंदिर की एक भव्य तस्वीर के साथ ही 'बालरूप प्रभु राम' की तस्वीर को भी दर्शाया गया है। बड़े आकार और सुंदर डिजाइन वाले निमंत्रण पत्र में एक पुस्तिका भी है, जिसमें राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल रहे कुछ प्रमुख व्यक्तियों का संक्षिप्त परिचय दिया गया है। 22 जनवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या को सजाया जा रहा है।

- 3 से 4 हजार साधु-संतों को भेजा जाएगा न्योता

### हिंदी और अंग्रेजी में छपवाए कार्ड

ट्रस्ट के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया 'निमंत्रण पत्र हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छपवाए गए हैं। अतिथि सूची में बड़ी संख्या में साधु-संत और कुछ विदेशी आमंत्रित लोग भी शामिल हैं। प्रत्येक निमंत्रण पत्र में मुख्य निमंत्रण पत्र, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पत्र, राम जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इसमें भूमिका निभाने वाले लोगों का परिचय देती एक पुस्तिका शामिल है।

### आएंगे 8 हजार मेहमान

राम मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिकतम आठ हजार मेहमान होंगे। इसमें तीन-चार हजार साधू-संत होंगे। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ कई जानी-मानी हस्तियां इस समारोह में शामिल होंगे। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने गुरुवार को कहा कि श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मेहमानों की अधिकतम सीमा 8000 होगी। मिश्रा ने बताया कि समारोह में करीब 3000 खास मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने अनुमान जताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद चार-पांच महीनों तक हर दिन 75,000 से एक लाख लोगों की भीड़ मंदिर में आने की उम्मीद है।

नौ केंद्रीय मंत्री समेत 68 सांसदों का कार्यकाल पूरा

# राज्यसभा के 68 सदस्य होंगे रिटायर, छग की सरोज भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

खास खबर

नौ केंद्रीय मंत्रियों सहित राज्यसभा के 68 सदस्यों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है। इसके मद्देनजर संसद के उच्च सदन में छह साल के कार्यकाल के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं में होड़ शुरू हो गई है। इन 68 रिक्तियों में से दिल्ली की तीन सीटों के लिए पहले ही चुनाव की घोषणा हो चुकी है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, नारायण दास गुप्ता और सुशील कुमार गुप्ता का कार्यकाल 27 जनवरी को पूरा हो रहा है। सिक्किम में राज्यसभा की एकमात्र सीट के लिए भी चुनाव की घोषणा की गई है, जहां सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सदस्य हिशे लाचुंगपा 23 फरवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 57 ▶▶|शेष पेज 6 पर

### यूपी में 10 सीटें होंगी खाली

उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 10 सीट खाली हो रही हैं। इसके बाद महाराष्ट्र और बिहार में छह-छह, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पांच-पांच, कर्नाटक और गुजरात में चार-चार, ओडिशा, तेलंगाना, केरल और आंध्र प्रदेश में तीन-तीन, झारखंड और राजस्थान में दो-दो और उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट खाली होनी है। चार मनोनीत सदस्य जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं।





**नड्डा को तलाशनी होगी सीट:** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा अभी हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। लेकिन फिर से नामांकन के लिए उन्हें अपने गृह राज्य से बाहर किसी सीट की तलाश करनी होगी क्योंकि अब वहां कांग्रेस सत्ता में है। कांग्रेस कर्नाटक और तेलंगाना से अपने उम्मीदवारों को संसद के उच्च सदन भेजने की उम्मीद कर सकती है, जहां वह पिछले साल सत्ता में आई थी।

### छत्तीसगढ़ की मात्र एक सीट

छत्तीसगढ़ से सरोज पांडे और हरियाणा से डीपी वत्स सेवानिवृत्त हो रहे हैं। झारखंड में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के धीरज प्रसाद साहू मई में संसद के उच्च सदन से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। केरल में माकपा के इलामारम करीम, भाकपा के बिनय विश्वम और केरल कांग्रेस (एम) के जोस के मणि जुलाई में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले मनोनीत सदस्यों में भाजपा के महेश जेठमलानी, सोनल मानसिंह, राम सकल और राकेश सिन्हा शामिल हैं।

डीजीपी सम्मेलन आज, रहेंगे मोदी-शाह

# आपराधिक कानूनों और आतंकवाद पर होगा मंथन

**नई दिल्ली।** जयपुर में पांच जनवरी से डीजीपी और आईजी का सम्मेलन शुरू होगा। इसमें तीन नए आपराधिक कानूनों का कार्यान्वयन, आतंकवादी हमला समेत कई मुद्दे पर चर्चा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूरे सम्मेलन के दौरान मौजूद रहेंगे। जिसमें कई सत्र होंगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि आम चुनाव से जुड़े मुद्दे, साइबर अपराध, माओवादी समस्या और अंतरराज्यीय पुलिस समन्वय समेत कई अन्य प्रमुख विषय हैं जिन पर बैठक के दौरान चर्चा होने की उम्मीद है।





### इन मुद्दों पर भी होगी चर्चा


सम्मेलन में पुलिसिंग और सुरक्षा से जुड़े भविष्य के विषयों जैसे कृत्रिम मेधा (एआई), डीपफेक आदि जैसी नयी प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों और उनसे निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन मूर्त कार्य बिंदुओं की पहचान करने और उनकी प्रगति की निगरानी करने का अवसर भी प्रदान करता है, जिसे हर साल प्रधानमंत्री के समक्ष भी प्रस्तुत किया जाता है।

## चिंतन

# विश्वास के नए शिखर पर भारत-नेपाल संबंध

विदेश मंत्री एस जयशंकर की काठमांडू यात्रा भारत व नेपाल के संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। भारत व नेपाल के संबंध प्राचीन काल से प्रगाढ़ रहे हैं। जयशंकर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' से मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। नेपाल में चीनी हस्तक्षेप के चलते पूर्व नेपाली पीएम केपी ओली के समय भारत से खट्टे हुए संबंध प्रचंड के पीएम बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल 31 मई से 3 जून तक भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसी मुल्कों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। एस जयशंकर की इस दो दिनी यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने 4 जनवरी को एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। भारत सीमित मात्रा में नेपाल से बिजली खरीदता रहा है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति भी करता है। 1987 में गठित भारत-नेपाल संयुक्त आयोग दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। जयशंकर का यह दौरा इसी सिलसिले में है। भारत और नेपाल एक खुली सीमा साझा करते हैं तथा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, दोनों के संबंधों का आधार है। इस संधि के तहत नेपाली नागरिकों को भारतीय नागरिकों के समान ही सुविधाएं और अवसर प्रदान किये गए हैं। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल से सैनिकों की भर्ती की जाती है, वर्तमान में नेपाल से लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवारत हैं। लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में निवास और कार्य करते हैं। भारत, सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके नेपाली सेना को आधुनिकीकरण करने में सहायता कर रहा है। दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास में भी संलग्न हैं। भारत ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, जल संसाधन, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके नेपाल के विकास में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। भारत ने सड़कों और रेल लिंक सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर नेपाल का सहयोग किया है। जल संसाधन, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग भी आपसी संबंधों को मज़बूत कर रहा है। एक शानदार अतीत के बावजूद भारत-नेपाल संबंधों में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि ये क्षेत्र ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा हैं। वर्ष 2019 में नेपाल ने उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख और सुस्ता (पश्चिम चंपारण जिला, बिहार) के क्षेत्र को नेपाल के क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था। चीनी प्रोपेगैंडा के चलते भारत के प्रति नेपाल के विश्वास में कमी आई है। विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास के नए शिखर पर पहुंचेगी।

## सारा संसार



नटराज मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम के बीच में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और भगवान विष्णु को समर्पित है। भगवान शिव के तांडव नृत्य की मूर्ती को नटराज नाम दिया गया है जोकि भारत में नृत्य की स्थापना के लिए सबसे खास मानी जाती है।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। कांग्रेस के पास वोट बैंक बनाने को लेकर न कोई ठोस योजना नजर आई, न ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा है।

कोई शक नहीं है कि 22 जनवरी 2024 की तारीख देश के सांस्कृतिक क्षितिज पर नई इबारत दर्ज करने जा रही है। राम मंदिर को लेकर जारी आंदोलन की परिणति देश और दुनिया देख रही है। इसी आधार पर यह मानने से गुरेज नहीं है कि जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को वामपंथी इतिहासकार नकारते रहे हैं, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ वह मूर्त रूप लेने की ओर अग्रसर है। इस पर भी संशय नहीं है कि अयोध्या में भगवान राम की चिर प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति भी बदलने जा रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इससे जुड़ी राजनीति को लेकर संशय है। राम मंदिर न्यास ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकायदा निमंत्रित कर रखा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब तक फैसला तक नहीं ले पाया है कि उसे इस समारोह में शामिल होना चाहिए या उसे सिरे से नकार देना चाहिए।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने जो राजनीति शुरू की, शायद वही वजह है कि कांग्रेस ना तो राम मंदिर को स्वीकार कर पा रही है और न ही उसे खुलकर नकार पा रही है। राम मंदिर का ताला खोलने के अलावा कांग्रेस की जितनी भी कोशिशें रही हैं, वे राम मंदिर के विरोध में रही हैं। अलबत्ता इस विरोध के लिए वह राजनीति को धर्म से अलग करने का तर्क देती रही है, लेकिन जब संदर्भ अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लेकर आता रहा है तो सेकुलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म आधारित राजनीति को तवज्जो देने से वह कभी नहीं हिचकी। अल्पसंख्यकवाद की उसकी राजनीति का एक रूप मनमोहन सिंह के बयान के रूप में देश देख और सुन चुका है। प्रधानमंत्री रहते मनमोहन सिंह कहने में नहीं हिचके थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

कांग्रेस ने आजादी के बाद अपने वोटबैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। राम मंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा से दो-दो हाथ करते नजर आए स्थानीय दलों मसलन समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। राम मंदिर आंदोलन के उभार के वक्त कांग्रेस ऊहापोह में रही। राष्ट्रीय दल होने के नाते उसे अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति की सीमा का भान था।



इसीलिए वह राम मंदिर के खिलाफ वैसा कड़क स्टैंड नहीं ले पाई, जैसा मजबूरी या मौके पर चौका मारने की नीयत से मुलायम और लालू ने लिया। इसलिए ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में अल्पसंख्यकों के चहेते बन गए। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही हुआ। उसका पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक हाथ से निकल गया। झीने आवरण में जारी उसके अल्पसंख्यकवाद की पोल राम मंदिर आंदोलन ने खोल दी तो उसका पारंपरिक सवर्ण विशेषकर ब्राह्मण वोट बैंक भी साथ छोड़ गया। उन्हीं दिनों दलितों के नए रहनुमा भी उभर आए तो दलितों ने भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय दिया।

अव्वल तो कांग्रेस को उसी वक्त ऊहापोह से निकल कर मजबूत राजनीतिक रुख अख्तियार करना चाहिए था। कांग्रेस हमेशा अधूरे मन के साथ कभी अल्पसंख्यकवाद को मजबूत करने की ओर बढ़ती रही तो कभी सवर्णों को साधने की दिशा में आगे बढ़ी। उसके पास ठोस वोट बैंक बनाने को लेकर ना तो कोई ठोस योजना नजर आई, ना ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा दिखा। जब कभी राहुल कुर्ते के ऊपर से जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर माथा टेकते नजर आए तो कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए बहुसंख्यक वोटरों के हितों को किनारे रखते गए। गुजरात के 2017 के विधानसभा चुनावों में मंदिर-मंदिर माथा टेकना हो या फिर कर्नाटक के 2018 के चुनावों में मंदिरों का दर्शन करना हो या फिर लोकसभा चुनाव के वक्त देश के कथित सेकुलर रूप को बचाने का दावा हो, राहुल वाली कांग्रेस हर बार ऊहापोह में नजर आई।

यही ऊहापोह रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त भी दिख रहा है। इसकी मोटी वजह यह है कि कांग्रेस समझ नहीं पा रही है कि उसे राम का साथ देना चाहिए या नहीं। इसकी बड़ी वजह है कि बीते कर्नाटक चुनाव से कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक थोक के भाव से लौट रहा है। इसका असर तेलंगाना में भी दिखा। कांग्रेस को यह भ्रम हो गया है कि उत्तर प्रदेश का नौ प्रतिशत और बिहार का 14 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसकी ओर लौट रहा है। कांग्रेस को लगता है कि असम का मुस्लिम वोटर भी उसी के पास लौटेगा। हालांकि आनुपातिक रूप से सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की हिस्सेदारी वाले पश्चिम बंगाल राज्य में कांग्रेस की स्थिति खास मजबूत नजर नहीं आ रही। वहां के मुस्लिम वोटरों की पहली पसंद अब भी ममता बनर्जी ही हैं। कांग्रेस को ऊहापोह में रखने में राहुल व प्रियंका के वामपंथी सलाहकार मंडल की राय भी है। हिंदुत्ववादी राजनीति के संदर्भ से वामपंथी सोच को सदा से परहेज रहा है, हालांकि अल्पसंख्यक राजनीति को लेकर उसकी धर्म केंद्रित राजनीति के विरोध का विचार पता नहीं कहां तिरोहित हो जाता है। राहुल और प्रियंका की वामपंथी सलाहकार मंडली भी इसी राय की है। इसलिए वह रामलला के विग्रह के प्राणप्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस को शायद दूर रहने की सलाह दे रही है। राममंदिर को लेकर अतीत में कांग्रेस और उसके कद्दावर नेताओं ने ऐसी गलतियां की हैं, जिनकी वजह से बहुसंख्यक वोटरों के बड़े हिस्से में नाराजगी रही। वर्ष 2012 में जयराम रमेश यह कहने से नहीं हिचके थे कि राम मंदिर से कहीं ज्यादा पवित्र शौचालय है। इन दिनों उनका यह बयान चर्चा में है और कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे उल-जलूल बयानों ने कांग्रेस को अक्सर नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर मुद्दे को केंद्रीय राजनीति की धुरी बनते देख लगता है कि कांग्रेस में भी दुविधा बढ़ रही है। अब कांग्रेस के कुछ बाहरी सलाहकार उसे सलाह देने लगे हैं कि अगर कांग्रेस को बने रहना है तो रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए। अगर कांग्रेस शुरू से राम मंदिर को लेकर ऊहापोह की बजाय एक संतुलित रुख अख्तियार करती तो सियासी रूप से मजबूत होती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विकास
संजीव ठाकुर




# नवप्रवर्तन जारी रहे

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं। उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार ने न सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। नवप्रवर्तन में बदलाव की शक्ति है।

(लेखक स्तंभकार व चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समत्वं योग उच्यते



संकलित
**दर्शन**

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।


## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित
**प्रेरणा**

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है।
*-पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

## करंट अफेयर

# चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा




बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ,दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2024 के चुनाव की राह साजिश, विपक्ष पर कार्रवाई, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, हिंसा और राज्य तंत्र के दुरुपयोग से भरी है। यहां तक कि न्यायपालिका भी मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' को मुकाबले से बाहर रखने के लिए सक्रिय हो गई है, लेकिन इसके बावजूद चुनाव को इस तरह पेश किया जा रहा है कि इसमें सभी की सहभागिता है। सवाल यह है कि क्या मतदाता बड़ी संख्या में मतदान करेंगे। जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने 2014 में चुनाव का बहिष्कार किया था तो कम मतदान हुआ, जिससे लोकप्रिय जनादेश हासिल करने का अवामी लीग (एएल) का दावा कमजोर हो गया।

## ऑफ बीट

# डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?

हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव



अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं – और वास्तव में सार्थक तरीकों से सीखना कठिन हो सकता है। जब हम डरे हुए होते हैं तो हम कैसे और क्या सीखते हैं, इस बारे में शोध क्या कहता है, यहां बताया गया है। डर बच्चों की पढ़ाई को कैसे प्रभावित करता है? डर हमें वर्तमान और भविष्य के खतरे से बचाने के लिए बनाया गया है। यदि बच्चों को ऐसे अनुभवों का सामना करना पड़ता है जो डर पैदा करते हैं, तो वे नए अनुभवों से बचना सीखते हैं – अज्ञात की खोज करने, उसमें शामिल होने और जिज्ञासा के साथ संपर्क करने के विपरीत।

## ट्रेंड

### पांच चीज़े बहुत जरूरी



किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए पांच चीज़े बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़े स्थापित है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### बड़ी उपलब्धि



नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।
-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### समन ग़ैर क़ानूनी



ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।
-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### बहुत आभारी हूं



अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना. ..फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।
-शाहरुख खान, अभिनेता

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com


MARUTI SUZUKI ARENA
नए साल की शुरूआत करें,
एक स्टाइलिश नई सवारी के साथ!
मारुति सुज़ुकी एरीना पर आज ही आकर्षक ऑफ़र्स का आनंद उठाएं.
Happy New Year 2024
महा बचत
WAGONR ₹39 000*
ALTO K10 ₹49 000*
S-PRESSO ₹49 000*
SWIFT ₹39 000*
DZIRE ₹10 000*
CELERIO ₹49 000*
EECO ₹24 000*
EMI STARTING FROM ₹1 769^ -PER LAKH-
100%*^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
सत्या ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
बिलासपुर: पुराना बस स्टैण्ड,70898 88881. मुंगेली: 95222 00991. कोरबा: 70898 88882.
जांजगीर: 95222 00990. कटघोरा: 76939 41111. सक्ति: 95222 00997
रायगढ़: 70898—88883. सारगंढ़: 95222 00993. खरसिया: 95222 00994.
शिवरीनारायण: 7692031111.
एम स्क्वायर मोटर्स
बिलासपुर: ट्रांसपोर्ट नगर, परसदा
62626 22502, 62626 22503, 62626 22506. पेंड्रा: 6262622509.
अकलतरा: 6262622512. घरघोड़ा: 62690 02112/62626 22511.
महामाया ऑटोकार्स प्रा.लि.
अम्बिकापुर: 9516609614, 9516609603. मनेन्द्रगढ़: 9516609622.
बैकुंठपुर: 9516609608. पत्थलगांव: 9516609616. सूरजपुर: 9516609607.
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. **Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. 100% on-road funding is provided by select financiers only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. The price given in the ad is based on Raipur prices and are subject to vary based on the dealer city. Above offers are valid till 31ST January 2024.

रोचक / प्रत्यूष शर्मा

बच्चों, अगर तुम विंटर वेकेशन पर अपनी फैमिली के साथ कहीं स्नोफॉल वाले इलाके में जाने का प्लान कर रहे हो तो कुछ क्रिएटिव-मजेदार आउटडोर गेम्स और एक्टिविटीज के बारे में जरूर जान लो, ताकि वहां जाकर इन्हें एंज्वॉय करो।

# विंटर वेकेशन में करो फन इन आउटडोर एक्टिविटीज संग



बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर फैमिली के साथ मजे करने के लिए आउटडोर एक्टिविटीज एक बहुत मजेदार ऑप्शन है। यहां हम तुम्हें कुछ एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर वेकेशन का मजा दोगुना कर देंगी।

### स्नोमैन या स्नो एनिमल्स

बर्फबारी वाले इलाके में फैमिली के साथ जमीन पर पड़ी बर्फ से स्नोमैन बनाने से बेहतर यादगार लम्हा कुछ और नहीं हो सकता। बच्चों, अगर तुम इस एक्टिविटी में क्रिएटिव बदलाव लाना चाहते हो तो स्नोमैन के बजाय अपने किसी फेवरेट एनिमल जैसे- भालू, बिल्ली, कुत्ता, पेंगुइन की आकृति भी बना सकते हो। इन्हें देखकर बहुत मजा आएगा।

### आइस स्केटिंग

विंटर में जहां बर्फबारी होती है या तापमान जीरो डिग्री सेल्सियस के नीचे रहता है। वहां आउटडोर एक्टिविटीज में आइस स्केटिंग सबसे



मजेदार खेल है। आइस स्केटिंग आउटडोर रिंक (एक निर्धारित आइस कोर्ट) पर करते हैं। अधिकांश रिंक में बड़ों के साथ कम उम्र के बच्चों के लिए भी आइस स्केट्स उपलब्ध होती हैं। यहां बच्चों एक बात का ध्यान रखना कि आइस स्केटिंग करते समय अपने सिर और अंगुलियों की सुरक्षा के लिए हेलमेट और मोटे दस्तानें जरूर पहन लेना।

### स्कीइंग-स्नो बोर्डिंग गेम्स

बच्चों, स्कीइंग और स्नो बोर्डिंग बहुत मजेदार गेम्स हैं। बर्फबारी वाली पहाड़ी पर ये दोनों गेम खेलने में बहुत मजा आता है। बच्चों के लिए भी स्कीइंग और स्नोबोर्ड के लिए जरूरी उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं। अगर तुम स्कीइंग में नए हो तो वहां पर तुम्हें स्की ट्रेनर भी मिल जाएगा। एक बार जब तुम स्कीइंग या स्नोबोर्ड चलाना सीख जाओगे तो इसमें बहुत मजा आएगा।



### रंगीन बर्फ के गोले

बच्चों, स्नोफॉल होने पर तुम रंग-बिरंगे बर्फ के गोले बना सकते हो। इसके लिए जमीन पर गिरी बर्फ को इकट्ठा करके थोड़ा गर्म करके पिघला लो। पानी ठंडा होने पर गुब्बारे में भर लो, इसी के साथ तुम खाने में उपयोग किए जाने वाले रंग की कुछ बूंदें भी इसमें मिला सकते हो। इसके बाद रंगीन पानी के गुब्बारों को घर के बाहर पड़ी बर्फ में डालकर ऊपर से बर्फ से ढंक दो, इसे कुछ घंटों के लिए छोड़ दो। एक बार रंगीन पानी जम जाने पर, गुब्बारों को फोड़ो। अब तुम्हारे पास अपनी पसंद के रंगों के सुंदर बर्फ के गोले होंगे। इन्हें सजाने के लिए या खेलने के लिए बाहर ले जा सकते हो।



### बर्फ का महल

बच्चों, गर्मियों में रेत के महल तो तुमने खूब बनाए होंगे, विंटर में बर्फ का महल बनाना भी बहुत मजेदार एक्टिविटी है। रेत के महल बनाने के उपकरण जैसे कप, कटोरे, फावड़े आदि की जरूरत होती है, बर्फ के महल के लिए भी इन उपकरणों की जरूरत होगी। इनकी मदद से अपने भाई-बहन और पैरेंट्स के साथ बर्फ का महल बनाओ फिर इसे पेड़ के पत्तों से सजाओ। महल को अनोखा बनाने के लिए इसमें थोड़ा रंगीन पानी भी डाल सकते हो। *



### पेट के लिए बनाओ स्पेशल स्नो केक



**केक किस** को पसंद नहीं होता, हर किसी को केक पसंद होता है, यहां तक कि पेट एनिमल्स को भी। बच्चों, बर्फबारी वाले इलाके में जाकर तुम अपने पेट के लिए स्नो केक बना सकते हो। जमीन पर एक बड़ा स्नो केक बनाने के लिए बर्फ का उपयोग करो। अपने एनिमल की फेवरेट चीजों को बर्फ के ऊपर सजा सकते हो। तुम्हारा पेट एनिमल स्नो केक देखकर बहुत खुश हो जाएगा। *

# माउंट एवरेस्ट के ऊपर उड़ने वाला बार-हेडिड गूज

अनोखा पक्षी



बच्चों, इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। तुम्हें सुबह-सुबह रजाई से बाहर आने में बहुत आलस आता होगा। जरा-सा ठंडा पानी शरीर पर लग जाए तो पूरे शरीर में कंपकंपी होने लगती होगी। दुनिया में एक ऐसा पक्षी है, जो ऐसी कड़ाके की ठंड में हिमालय पर्वत श्रृंखला के ऊपर आसानी से उड़ान भर लेता है। इस अनोखे पक्षी का नाम बार-हेडिड गूज है। यह हंस की एक प्रजाति है, जिसे अपने देश में राजहंस कहा जाता है।

बच्चों, बार-हेडिड गूज प्रजाति बांग्लादेश, भूटान, चीन, अफगानिस्तान, भारत, मंगोलिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, थाईलैंड और वियतनाम देशों में पाई जाती है। यह प्रजाति सर्दी के मौसम में भारत की ओर प्रवास करती है। इस दौरान यह पक्षी हिमालय पर्वत श्रृंखला को पार करता है। यह औसतन 20,000 फीट तक की ऊंचाई पर उड़ान भरता है। इसलिए बार-हेडिड गूज का नाम दुनिया में सबसे ज्यादा ऊंचाई पर उड़ने वाले पक्षियों में शामिल है। उड़ान भरने के दौरान जब यह हिमालय के मध्य से उड़ान भरता है तो हवा की गति 322 किमी. प्रति घंटा होती है। जानकारों के अनुसार पर्वतारोहियों ने बार-हेडिड गूज को माउंट एवरेस्ट की चोटी के ऊपर से उड़ान भरते हुए देखा है, यह ऊंचाई करीब 30,000 हजार फीट से अधिक होगी। इसके अलावा बार-हेडिड गूज लगातार लंबी दूरी तक की उड़ान भरने में सक्षम है। कहा जाता है कि यह पक्षी एक ही दिन में बिना रुके 1,000 मील यानी करीब 1,609 किमी. की दूरी तय कर सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी वजह इस पक्षी के शक्तिशाली पंख होते हैं। साथ ही इस पक्षी की रक्त कोशिकाओं में एक विशेष प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है, जो काफी ऊंचाई पर भी ऑक्सीजन को बहुत जल्दी अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए यह हिमालय पर्वत श्रृंखला को आराम से पार कर लेता है। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

## बूझो तो जानें



1
मूंग नहीं लेकिन फली निराली,
जाड़ों की मेवा कहलाती।
बड़े स्वाद से मुझको खाते
तन में सबके शक्ति बढ़ाती।।



2
नन्हा हूं लेकिन शक्ति बढ़ाता,
सफेद, काला दो रंग में आता।
गजक, लड्डू बनते हैं मुझसे,
सर्दी लगने से मैं हूं बचाता।

3
किश और मिश में नाम छिपा है,
बड़ी मुलायम शक्ति वाली।
बच्चे-बूढ़े सबको मैं भाऊं,
खीर का स्वाद बढ़ाने वाली।।


4
तन मेरा है बड़ा कठोर,
तोड़ो तो मस्तक-सा चित्र।
जो खाता मेरे फल को,
शक्ति दूं मैं सच्चा मित्र।।

-डॉ. राकेश चक्र

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-तिल, 3-किशमिश, 4-अखरोट

कविता / इंद्रजीत कौशिक

## रजाई



जब से देखो सर्दी आई
मुझको भाने लगी रजाई।
जब इसमें घुस जाता हूं,
बाहर नहीं फिर आता हूं।
नींद बहुत प्यारी आती,
आंख सुबह ही खुल पाती।
अच्छे-अच्छे सपने आते,
सपने में ही हलुवा खाते।
मम्मी आकर मुझे जगाती,
शाला की फिर याद दिलाती।
हर रोज बस यही कहानी,
नहीं रजाई का कोई सानी।

## जीके क्विज-86



1. मध्य प्रदेश का उज्जैन जिला किस नदी के तट पर बसा है?
2. देश में सबसे बड़े आकार वाली वीणा प्रतिमा कहां स्थापित की गई है?
3. भारत का एक राज्य, जो कभी भी अंग्रेजों का गुलाम नहीं हुआ था?
4. हाल में वित्त आयोग का नया अध्यक्ष किसे बनाया गया?
5. विश्व वन दिवस कब मनाया जाता है?
6. भारत के किस राज्य को 'कोयले का भंडार' कहा जाता है?
7. भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला का क्या नाम है?
8. महात्मा गांधी से पहले भारतीय नोट पर किसकी तस्वीर छपती थी?
9. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?
10. टी-20 मैच की एक पारी में कितने ओवर खेले जाते हैं?



बच्चों, जीके क्विज-86 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-85 का उत्तर :** 1-विष्णुदेव साय, 2-डॉ. मोहन यादव, 3-वृंदा घनश्याम राठी, 4-88, 5-मछली, 6-इलायची, 7-ताजमहल, 8-सरदार वल्लभभाई पटेल, 9-शतरंज, 10-3,600 सेकेंड

**जीके क्विज-85 का सही उत्तर देने वाले :** पूर्वी-दुर्ग, आकांक्षा-अहमदाबाद, रौनक-जांजगीर, ईशान-अहमदाबाद, आदित्य-धमतरी, अयान-भिलाई, गीतेश-रायपुर, दुर्गेश-बालोद, किशन-धमतरी, कृष-अनुपपूर, चेतन-बालोद,

कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

स्कूल जाते समय शशांक जब सर्दी में एक भिखारी को ठंड से कांपता देखता तो उसको भिखारी पर बहुत दया आती। शशांक ने भिखारी की मदद करने की सोची। जब उसने अपने पापा-मम्मी से यह बात कही तो वे बोले, 'दुनिया में बहुत सारे गरीब-दुखियारे हैं, किस-किस की मदद करोगे?' लेकिन शशांक माना नहीं, उसने जो किया, उससे उसे ही नहीं, मम्मी-पापा को भी अनोखी खुशी मिली।

# अनोखी खुशी



सुबह स्कूल जाते समय बस की खिड़की से शशांक एक भिखारी को सड़क किनारे भीख मांगते हुए देखता था। उस भिखारी के कपड़े मैले-कुचैले और फटे-पुराने होते थे। वह सर्दी से ठिठुरता रहता था। उसकी एक टांग भी घुटने से नीचे कटी हुई थी। भिखारी को देखकर शशांक को उस पर दया आती। उसका मन करता कि भिखारी की कोई मदद करे।

एक दिन रात के समय खाना खाने के दौरान शशांक ने मम्मी-पापा को उस भिखारी के बारे में बताया। उसने यह भी कहा कि उस भिखारी को सर्दी से बचाने के लिए हमें कुछ करना चाहिए।

शशांक की बात सुनकर पापा बोले, 'बेटा, दुनिया में ना जाने कितने गरीब-दुखियारे हैं। हम किस-किस की मदद करेंगे?' बीच में मम्मी भी बोलीं, 'दूसरे लोग भी तो उस भिखारी को देखते होंगे, कोई और कर देगा मदद।'

लेकिन शशांक पर मम्मी-पापा की बात का कोई असर नहीं हुआ, वह बोला, 'मम्मी-पापा, सर्दी के इस मौसम में उसे कितनी मुश्किल होती होगी। आप उसे देखेंगे तो आपको भी उस पर बहुत दया आएगी।'

थोड़ी देर की बातचीत के बाद अंत में यही तय हुआ कि आने वाले रविवार को पापा शशांक को साथ लेकर उस भिखारी को देखने जाएंगे। रविवार को जब पापा और शशांक उस जगह पहुंचे, जहां वह भिखारी बैठकर भीख मांगता था, वहां पर नहीं था। आस-पास के लोगों से पूछने पर पता चला कि वह आज भीख मांगने नहीं आया है। यह भी मालूम हुआ कि वह पास की गली में कहीं रहता है।

पापा और शशांक उस भिखारी को ढूंढ़ते हुए उसके पास पहुंचे तो पता चला कि सर्दी लग जाने के कारण उसे बुखार था। इसी कारण वह भीख मांगने नहीं गया। पापा को भी उस भिखारी को देखकर दया आई। कुछ देर बाद पापा और शशांक घर लौट आए। उन्होंने मम्मी को भी भिखारी की स्थिति के बारे में बताया। मम्मी को भी उस पर बहुत तरस आया। मम्मी-पापा ने उस भिखारी की मदद करनी चाही, लेकिन यह समझ नहीं आ रहा था कि मदद की कैसे जाए? तभी शशांक बोला, 'पापा, यह दीवार पर आपकी जो फोटो लगी है, उसमें आपने बंद गले का कोट पहना हुआ है, लेकिन अब आप यह कोट पहनते नहीं। पापा, यह कोट कहां है?' 'शशांक, यह कोट बहुत पुराना हो गया था, इसलिए उसे पहनना बंद कर दिया। वह कोट किसी अटैची में ही बंद रखा है।' पापा ने बताया।

यह सुनते ही शशांक बोला, 'पापा, क्यों न यही कोट उस भिखारी को दे दिया जाए, वह ठंड से बच जाएगा।'

शशांक की बात मम्मी-पापा को पसंद आई।

तभी मम्मी को कुछ याद आया और वह बोलीं, 'एक गर्म जुराब भी पड़ी है, लेकिन सिर्फ एक पैर की। इसके साथ की दूसरी जुराब ना जाने कहां गुम गई थी। वह जुराब भी हम उस भिखारी को दे सकते हैं।'

यह सुनकर शशांक उत्साह से भर उठा, बोला, 'पापा, आज शाम को ही चलते हैं, उस भिखारी को कोट और जुराब देने!'

शाम को जब पापा और शशांक उस भिखारी के पास जाने लगे, तो मम्मी ने उस भिखारी के लिए गर्म खाना भी पैक करके दे दिया। साथ ही यह भी कहा कि उसे गर्म चाय भी पिला देना। पापा ने बुखार के लिए दवाई भी रख ली।

भिखारी को सारा सामान देकर कुछ देर बाद शशांक जब पापा के साथ वापस घर आया तो बहुत खुश था। साथ में मम्मी-पापा को भी एक अनोखी खुशी-सी महसूस हो रही थी। अगले दिन शशांक के स्कूल की छुट्टी थी। मंगलवार को जब वह स्कूल जा रहा था तो उसने बस की खिड़की से देखा, वही भिखारी उसके पापा का बंद गले का कोट पहन कर सड़क किनारे बैठा भीख मांग रहा था। उसने बाएं पैर में वही गर्म जुराब भी पहनी हुई थी। यह सब देख शशांक को एक बार फिर से बहुत खुशी हुई। *

जंतु-जगत / अशोक जोशी

# सर्दियों में शीतनिद्रा में चले जाते हैं भालू

बच्चों, भालू सर्दियों के दौरान शीतनिद्रा में चले जाते हैं। इसे जीव विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहा जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि भालू पूरी सर्दी में बस सोते ही रहते हैं। भालुओं के लिए शीतनिद्रा का मतलब है कि उन्हें खाने या पानी पीने की जरूरत नहीं होती है। उन्हें शौच करने की जरूरत भी बहुत कम या बिल्कुल नहीं होती है। यदि भोजन बहुत कम या बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं है, तो सर्दियों के दौरान भालुओं को अपनी मांद में रहना पड़ता है।



बच्चों, अलास्का (जहां सर्दी बहुत ज्यादा पड़ती है) में भालू साल के लगभग सात महीने शीतनिद्रा में रहते हैं। गर्म, तटीय क्षेत्रों में यह समय दो से पांच महीने का होता है। नवजात शावकों को पालने वाले भालुओं के लिए शीतनिद्रा का समय लंबा होता है।

भोजन और पानी के बिना लंबे समय तक जीवित रहने के लिए भालुओं में अनुकूलन विशेषताएं यानी एडाप्टेशन क्वालिटीज डेवलप हो जाती हैं। भालू अपने शरीर का तापमान 8 से 12 डिग्री सेल्सियस कम कर लेते हैं, और ऊर्जा के लिए शरीर में संरक्षित वसा भंडार (फैट स्टोरेज) को तोड़ देते हैं। इसके लिए वो शरीर में स्टोर एक्सट्रा प्रोटीन का भी उपयोग करते हैं। अपने शरीर में गर्मी को बेहतर ढंग से बचाए रखने के लिए भालू अपना स्थान बदलते रहते हैं।

बच्चों, तुमने चिड़ियाघर में सर्दी के मौसम में भालुओं को देखा होगा। वहां भालू के लिए अनुकूल वातावरण निर्मित किया जाता है। भालू को अपना भोजन ढूंढ़ने बाहर नहीं जाना पड़ता है। सर्दियों के दौरान उनकी गति धीमी हो जाती है, वे सामान्य से अधिक समय तक सोते हैं। कुछ चिड़ियाघर के भालुओं को साल भर खाना खिलाया जाता है, इसलिए वे शीतनिद्रा में नहीं जाते हैं। वहीं, कुछ चिड़ियाघरों में भालुओं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखने के लिए सर्दियों में लंबे समय तक सोने दिए जाता है, ताकि वो स्वस्थ्य रहें और उनका वजन ज्यादा ना बढ़े। *

## रंग भरो-141

**रंग भरो-141** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





पलक, धमतरी



सौम्य, बालोद



समृद्धि, शहडोल



पूनम, बिलासपुर



रुकमणी, कबीरधाम



ईशानी, कोरबा

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रेयांश-बिलासपुर, आयुषी-सक्ती, मीनू-महेंद्रगढ़, जितेंद्र-रोहतक, माही-गुना, हार्दिक-बिलासपुर, हंसराज-कोरबा, कार्तिक-दिल्ली, खुशी-रायपुर, चंपक-भोपाल, कविता-जबलपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, विभा-रोहतक, तानिया-महासमुंद, गगन-भोपाल

## रंग भरो 142




बच्चों, यहां पर एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें एक बच्चा अपने डॉगी को खाना खिला रहा है। इसको मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां बर्फ के गोले के साथ खेलती एक बच्ची का चित्र दिया गया है। चित्र के साइड में 6 परछाइयां दी गई हैं। तुम्हें इन परछाइयों में से उस परछाई को पहचानना है, जो बच्ची के चित्र की एकदम सही परछाई है। जल्दी से सही परछाई को पहचानो तो।






उत्तर : E

## ऐप के जरिए वोटर्स को जोड़ेगी यूथ कांग्रेस

रायपुर। छग यूथ कांग्रेस द्वारा राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लगातार दूसरे दिन रखी गई। इस बैठक में नए पदाधिकारी भी आए। जो युवा कांग्रेस से जुड़ना चाहते हैं, वे भी इस बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सोशल मीडिया एवं यूथ कांग्रेस के एप्लीकेशन पर चर्चा की गई। यूथ कांग्रेस ऐप की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उन्हें प्रेजेंटेशन के साथ एप्लीकेशन के बारे में समझाया गया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए यूथ कांग्रेस द्वारा एप्लीकेशन तैयार की गई है। इसके जरिए नए वोटर्स को जोड़ने का कार्य किया जाएगा।

**Corrigendum**

It is noticed that Daily Newspaper Haribhoomi Dated 4th January 2024 has published an advetisement of Nagar Panchayat Nai Ledari on page no. 05 in which by technical mistake earnest money is Rs 13.51 lakh. Please read it Rs 12.51 lakh.

**Chief Municipal officer**
**Nagar Panchayat,**
**Nai Ledari**
**District- M.C.B. (C.G)**

हर साल बिक्री का नया रिकार्ड

# जाम इसलिए...एक साल में सड़कों पर उतर आए पांच लाख से ज्यादा नए वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



अपने राज्य छत्तीसगढ़ में वाहनों की बिक्री के कारण ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते साल छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल्स सेक्टर ने वाहन बिक्री में बड़ा इतिहास रच दिया है। पूरे साल के हर माह में अक्टूबर को छोड़कर 2022 से ज्यादा वाहन बिके हैं। सबसे बड़ा धमाका तो नवंबर में हुआ। इस माह पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली होने के कारण रिकॉर्डतोड़ 91 हजार से ज्यादा वाहन बिके। इतने वाहन छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहले कभी एक माह में नहीं बिके हैं। 2022 की तुलना में 80 फीसदी ज्यादा कारोबार भी हुआ। सालभर में औसत 19 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ।

सालभर में रिकॉर्डतोड़ साढ़े पांच लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं। अपने प्रदेश में बीता साल वाहन बिक्री के मामले में सबसे अच्छा रहा है। इस साल के पहले माह से ही वाहनों की बिक्री ने जो रफ्तार पकड़ी, वह लगातार साल के अंत तक कायम रही। इस बीच हर माह बिक्री में इजाफा होता रहा। एक माह अक्टूबर का ऐसा रहा, जिसमें कारोबार 24 फीसदी 2022 से कम हुआ। अन्यथा हर माह 2022 से ज्यादा कारोबार हुआ। अक्टूबर में 2022 से इस बार वाहन इसलिए कम बिके, क्योंकि अक्टूबर में पिछला साल पितृपक्ष था, जबकि 2022 में इस माह धनतेरस और दीपावली थी। छत्तीसगढ़ में हर साल साढ़े चार से पांच लाख वाहन बिक रहे हैं। ऐसे में ट्रैफिक पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। राजधानी रायपुर में ही ट्रैफिक पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है।

### नवंबर ने रचा इतिहास

यह बात तो पहले ही तय थी कि इस बार त्योहारी सीजन में जमकर कारोबार होगा और ऐसा हुआ भी। यह किसी ने नहीं सोचा था कि नवंबर एक नया इतिहास बना देगा। इस माह जो वाहन बिके, उतने वाहन छत्तीसगढ़ के इतिहास में कभी भी नहीं बिके हैं। नवंबर में 91 हजार 915 वाहन बिके। इसमें से सबसे ज्यादा 75781 बाइक बिकी। इसके बाद 6955 कारें, 3229 गुड्स कैरियर, 962 मोपेड, 785 ई-रिक्शा और रिकॉर्डतोड़ 2181 कृषि ट्रैक्टर भी बिके। इसी के साथ कुछ अन्य वाहन भी बिके। कुल मिलाकर 2022 में बिके 51172 वाहनों से बिक्री का प्रतिशत 80 फीसदी ज्यादा रहा। वाहनों की बिक्री में राजधानी रायपुर में ही सबसे ज्यादा 16248 वाहन बिके। सबसे कम बिक्री के मामले में सुकमा में 374 और नारायणपुर में 381 वाहन बिके।

### हर माह ज्यादा बिके वाहन

साल के प्रारंभ जनवरी में 46638 वाहन बिके। ये 2022 के मुकाबले 15.22 फीसदी ज्यादा रहे। इसी तरह से फरवरी में 42001 (17.62 फीसदी ज्यादा), मार्च में 45791 (18.34 फीसदी ज्यादा), अप्रैल में 39962 (2.24 फीसदी ज्यादा), मई में 39724 (9.39 फीसदी ज्यादा) जून में 42346 (16.68 फीसदी ज्यादा) जुलाई में 40307 (13.13 फीसदी ज्यादा) अगस्त में 39509 (30.67 फीसदी ज्यादा) सितंबर में 42186 (37.88 फीसदी ज्यादा), अक्टूबर में 52260 (24.73 फीसदी कम), नवंबर में 91915 (79.62 फीसदी ज्यादा) और दिसंबर में 43900 (26.52 फीसदी ज्यादा) बिके। कुल मिलाकर सालभर में 566538 वाहन बिके हैं।

## बुजुर्ग दंपति से हाईवे पर लूट आरोपी गिरफ्तार, एक की तलाश

रायपुर। डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक माह पूर्व हाईवे पर दंपति से सोने के जेवर से भरा बैग लूटने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एक अन्य बदमाश की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है। लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश सगे भाई हैं। पुलिस के मुताबिक सरोना, सालासार ग्रीन निवासी बुजुर्ग दंपति जोगिंदर सिंह खटकर तथा उनकी पत्नी से लूट के आरोप में पुलिस ने राजेंद्र नगर निवासी मनीष रोचलानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटे गए सोने के जेवर जब्त किए हैं। घटना में शामिल मनीष का भाई उत्तम रोचलानी फरार है। जोगिंदर ने पुलिस को बताया कि आठ दिसंबर को वह अपनी पत्नी को उपचार कराने अस्पताल ले गया था, पत्नी का उचपार कराकर डीडीनगर स्थित डिडवानिया रिजेंसी के पास हाईवे रोड पर पहुंचा था कि दो बाइक सवार बदमाशों ने उसकी एक्टिवा को लात से धक्का मारकर उन्हें गिरा दिया।

## लोकसभा की सभी 11 सीटों को जीतने की माथुर बनाएंगे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश की सभी 11 सीटें जीतने के लिए लक्ष्य भाजपा ने तय किया है। प्रदेश की साय सरकार के मंत्रिमंडल से सभी सदस्यों के साथ विधायक, सांसद, कोर ग्रुप के सदस्य, प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और सह प्रभारी नितिन नवीन कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को मैराथन बैठक कर रणनीति बनाएंगे। मोर्चा, प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारियों को बुलाया गया। बैठक में सबकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश प्रभारी गुरुवार की शाम को रायपुर पहुंचे।

प्रदेश में भाजपा एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने के बाद अब भाजपा का राष्ट्रीय संगठन चाहता है कि इस बार छत्तीसगढ़ में लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सभी 11 सीटों पर जीत मिले। ऐसे में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर को इसके लिए रणनीति बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। ऐसे में यहां पर बैठक लेने के लिए श्री माथुर गुरुवार की शाम को पहुंच गए हैं। अब शुक्रवार को सुबह 9.30 बजे से ही बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। अलग-अलग बैठकों के लिए अलग-अलग बुलावा भेजा गया है। बुलावा भेजने के लिए भी अलग-अलग पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मोर्चा और प्रकोष्ठ के भी पदाधिकारी बुलाए गए हैं।

### माथुर का स्वागत करने पहुंचे दोनों डिप्टी सीएम

प्रदेश प्रभारी ओम माथुर गुरुवार शाम 5 बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी मंत्री, टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, राजीव अग्रवाल प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, केदार गुप्ता, श्रीचंद सुंदरानी, अमित साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, किशोर महानंद, अंजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने श्री माथुर का स्वागत किया।

## मंत्री देवांगन ने ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर। प्रदेश के वाणिज्य एवं उद्योग तथा श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने गुरुवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय भवन में अपने विभागीय कामकाज के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ आमजनों को समय पर दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मोदीजी की गारंटी में शामिल विभागीय योजना पर तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उद्योग विभाग के सचिव मो. कैसर अब्दुल हक, सचिव श्रम विभाग एवं श्रमायुक्त अलरमेल मंगई डी. सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु दिनांक 12.01.2024 तक एवं सरल क्र. 2 हेतु दिनांक 23.01.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | लागत ( लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 272 | जिला न्यायालय भवन, जांजगीर-चांपा के भूतल के संपूर्ण हिस्से के बरामदे / कॉरिडोर में मोजाईक टाइल्य के स्थान पर स्टोन फ्लोरिंग का काय । तृतीय आमंत्रण। चांपा संभाग चांपा। | 21.37 |
| 2 | 273 | विश्रामगृह कोरबा के रेनोवेशन एवं अहाता निर्माण कार्य । प्रथम आमंत्रण । कोरबा संभाग । | 68.61 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है ।

जी-06888/1

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**कार्यालय कलेक्टर ( आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)**

Phone No. And Fax No.-0771-2426831 E-Mail- actd.raipur@nic.in

**/ / अभिरूचि का प्रस्ताव / /**

क्रमांक 2411 / आदि.वि. / स्टो. / 2024 रायपुर, दिनांक 02/01/2024

आदिवासी विकास विभाग रायपुर द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 2024 के अवसर पर विभागीय झांकी निर्माण कार्य एवं पुलिस ग्राउंड मे झांकी प्रदर्शन किया जाना है । इच्छुक झांकी निर्माणकर्ता दिनांक 13.01.2024 कार्यालयीन समय तक प्रपत्र प्रदाय एवं 16.01.2024 तक कार्यालयीन अवधि में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक (रजिस्टर्ड डाक के माध्यम एवं कार्यालय में स्वयं उपस्थित हो कर ) कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायपुर रूम 40 में प्राप्त किया जावेगा । अभिरूचि का प्रस्ताव 0250 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास विभाग 500 /- रूपये का चालान जमा कर प्राप्त कर सकते है। तथा विस्तृत नियम शर्त कार्यालय में देख सकते है ।

अभिरूचि का प्रस्ताव सीलबंद लिफाफे में दिनांक 16.01.2024 को प्रातः 5.00 बजे प्रस्तावकों के समक्ष खोला जावेगा ।

जी-06901/1

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास रायपुर**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**

**(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)**
**( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)**

क्र./ कार्य. यंत्री / कार्य / सू. प्रकाशन / 3035 पत्थलगांव, दिनांक: 04.01.2024

**/ / बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, 132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र पत्थलगांव द्वारा फीडर बे एवं 132 के. व्ही. पी. टी. के शिफ्टिंग का कार्य संपादित किए जाने हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्मानीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद हैं।

| क्र. | दिनांक एवं समय | दिन | उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 06.01.2024 समय सुबह 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक | शनिवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र पत्थलगांव | (1) 33 के.व्ही. फरसाबहार, (2) 33 के. व्ही. लूडेग ( 3 ) 33 के.व्ही. पत्थलगांव (4) 33 के.व्ही. सीतापुर ( 5 ) 33 के.व्ही. लैलूंगा (6) 33 के.व्ही. धरमजयगढ़ | 33 के.व्ही. फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| 2 | दिनांक 06.01.2024 समय सुबह 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक | शनिवार | 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र कांसाबेल | (1) 33 के.व्ही. बगीचा, (2) 33 के.व्ही. बंदरचुआ (3) 33 के.व्ही. फरसाबहार (4) 33 के.व्ही. कांसाबेल | 33 के.व्ही. फीडर से संचालित होने वाले समस्त क्षेत्र |

नोट :- आवश्यकतानुसार कार्य की समय सीमा बढ़ाई व घटाई जा सकती है।
/ / स्वहित व राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएं //
// विद्युत बिलों का समय पर भुगतान करें //

**कार्यपालन यंत्री (सं. / सं.), संभाग**
**छ.स्टे.पॉ. डि.कं. लिमि., पत्थलगांव**

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**
**(भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय)**
**नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070**
**फोन नंबर: 011-29581050 I 011-29581515**
**वेबसाइट: www.aicte-india.org**

**अनुमोदन प्रक्रिया 2024-25 के लिए सार्वजनिक सूचना**

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आवेदन आमंत्रित करती है:

1. मौजूदा तकनीकी संस्थान/मानित विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय (केंद्रीय/राज्य/निजी) संस्थान और इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, टाउन प्लानिंग में कार्यक्रम/पाठ्यक्रम की पेशकश करने के लिए अनुमोदन चाहने वाले नए संस्थान , डिज़ाइन, प्रबंधन, कंप्यूटर अनुप्रयोग, होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी (HMCT), और अनुप्रयुक्त कला और शिल्प अनुमोदन के विस्तार (ईओए) के लिए ।

2. मौजूदा/नए संस्थान/संस्थाएं जिन्हें विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय (केंद्रीय/राज्य/निजी) माना जाता है, उन्हें कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) एवं (बीबीए/बीएमएस) प्रबंधन में कार्यक्रम/पाठ्यक्रम पेश करने के लिए अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

3. एकाकी संस्थान/मानित विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय (केंद्रीय/राज्य/निजी) संस्थान ओडीएल और (या) ऑनलाइन मोड में स्नातक/स्नातक स्तर पर प्रबंधन और कंप्यूटर अनुप्रयोगों में कार्यक्रम / पाठ्यक्रम चलाने के लिए अनुमोदन / सिफारिशें/ अनुमोदन का विस्तार प्राप्त करने के लिए ।

हितधारक जो नए तकनीकी संस्थान स्थापित करने का इरादा रखते हैं और बीबीए/बीसीएआईबीएमएस कार्यक्रमों/ पाठ्यक्रमों की पेशकश करने वाले (या) संस्थानों को ''नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस)'' (https://www.nsws.gov.in) पर अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका (एपीएच) 2024-25 से 2026-27 में निर्धारित प्रावधानों के अनुसार एक ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा।

**ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति हेतु अनुसूची**

| विवरण | प्रारंभ तिथि | समापन तिथि |
|---|---|---|
| मौजूदा तकनीकी संस्थान/ विश्वविद्यालय | 27-12-2023 | 31-01-2024 |
| नए तकनीकी संस्थान/विश्वविद्यालय | 27-12-2023 | 31-01-2024 |
| नए/मौजूदा तकनीकी संस्थान/विश्वविद्यालय (जुर्माने के साथ) | 01-02-2024 | 07-02-2024 |
| नए/मौजूदा संस्थान जो अन्य कार्यक्रमों/पाठ्यक्रमों के साथ (या) बिना बीबीए/बीसीए/बीएमएस की पेशकश/पेशकश करना चाहते हैं। | 27-12-2023 | 26-02-2024 |

नोट : समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों को विस्तृत विवरण हेतु एआईसीटीई वेबसाइट @"www.aicte-india.org > Home >Quick link: Approval Process 2024-27" पर आने के लिए निवेदित किया जाता है।

विज्ञापन संख्या : नियामक ब्यूरो/एआईसीटीई 01/(01) 2024
CBC 21300/12/0001/2324

**प्रोफे.राजीव कुमार**
**सदस्य सचिव**

**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073555, Fax: 4073553
www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**SHORT TENDER NOTICE**

Bids are invited for supply of manpower (4 Nos - Steno-typist/OAG-III/Driver/Peon) through outsourcing. The detail specification & tender document is available in Commission's website www.cserc.gov.in. Last date for submission of bids (tender) is on **29/01/2024 at 3:00 PM.**

**SECRETARY**

**कार्यालय, नगरपालिक निगम चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी- भरतपुर (छ.ग.)**

क्र./4337 / तक. 11 / न.पा.नि. / 2023-24, चिरमिरी, दिनांक 04.01.24

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा/ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग / जल कार्य / विद्युत यांत्रिकी / सामान्य प्रशासन / उद्यानिकी / अग्निशमन / परिसम्पत्तियों का रख-रखाव / ई-गवर्नेस परियोजना विभाग हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :

| सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 151018 | नगरपालिक निगम चिरमिरी के लोक निर्माण एवं भवन अनुज्ञा/ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग / जल कार्य / विद्युत यांत्रिकी / सामान्य प्रशासन / उद्यानिकी / अग्निशमन / परिसम्पत्तियों का रख-रखाव / ई-गवर्नेस परियोजना हेतु उच्च कुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक प्रदाय (259 श्रमिक) | 390.00 | 1,95,000/- | 01 वर्ष |

उपरोक्तानुसार निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in मे देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता नगरपालिक निगम चिरमिरी**
**जिला एम.सी.बी.(छ.ग.)**

**भारतीय स्टेट बैंक**
**भारतीय स्टेट बैंक शाखा विश्रामपुर (ब्रांच कोड 02436)**

**वाहन विक्रय हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

हमारी शाखा द्वारा जप्त किये गए निम्न वाहनों का ' ' जहाँ है जैसा है' ' आधार पर निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है :-

| क्र. | ऋणि का नाम | वाहन का विवरण | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | अग्रिम राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री विशुन राम पिता-शनिचर ग्राम महगई तहसील प्रेमनगर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.) पिन-407231 | Trakstar 540 Diesel/Blue Purpule/year 2016/Vehicle No CG15DP2819 | रू. 2.80,000/- | रू. 28,000/- |

वाहन निरीक्षण हेतु दिनांक 12/01/2024 तक प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक यार्ड में उपलब्ध रहेगी। इच्छुक खरीददार BID अग्रिम राशि कॉलम में दर्शायी गई राशि का SBI ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चेक भारतीय स्टेट बैंक शाखा विश्रामपुर के नाम पर निविदा के साथ बंद लिफाफ में जमा कर सकते हैं निविदा का पूर्ण विवरण नीचे दर्शाया गया है:-

1- निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 12/01/2024
2- निविदा जमा करने का स्थान : भारतीय स्टेट बैंक शाखा विश्रामपुर
3- वाहन निरीक्षण तथा अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क : 9770422821.9770953750,7999498899
4- निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16/01/2024 शाम 4:30 बजे
5- यार्ड का पता : बैंक परिसर

बैंक के पास बिना कोई कारण बताये कोई निविदा / सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया निरस्त करने अथवा स्थगित करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
दिनांक- 04/01/2024, स्थान- विश्रामपुर (छ.ग.)

**सहा. महाप्रबंधक**

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता, महानदी मण्डल, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
e-Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.150867 / निविदा सूचना क्र.06/व.ले.लि. / ई-प्रोक्युरमेंट / 2023-24 दि.02.01.2024 निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 23.01.2024, 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

**कार्य का नाम: - भाटापारा शाखा नहर की सिमगा वितरक नहर के सिमगा माईनर नं. 01 के 02 नग पक्के कार्यों का निर्माण तथा सब माईनर नं. 1 के आर.डी. 0.00मी. से 2310मी. तक रिमाडलिंग एवं सी. सी. लाईनिंग कार्य सहित 10 नग डारेक्ट आऊटलेट का निर्माण कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 139.19लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc. cgstate. gov.in पर दिनांक 09.01.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है । नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

जी-06853/3

**कार्यपालन अभियंता**
**म.ज.प. डिसनेट संभाग क्र. 3, तिल्दा**
**कृते, अधीक्षण अभियंता महानदी मण्डल,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
**CIN-U40105CT2003SGC015822**
**कार्यालय-कार्यपालन अभियंता ( परियोजना) संभाग बिलासपुर**

क्रमांक : 11-09 / विज्ञापन / 1590 बिलासपुर दिनांक 04/01/2024

**आवश्यक सूचना**

समस्त जनसाधरण को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता ( सं . / सं.) संभाग छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि., बिलासपुर के अंतर्गत नीचे उल्लेखित नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. लाईन को आज दिनांक के बाद कभी भी उर्जीकृत कर दिया जावेगा। अत: उल्लेखित नवनिर्मित 33/11 के.व्ही. लाईन के तार, स्टे एवं खम्भे आदि से किसी भी प्रकार की छेड़ छाड़ न करें एवं लाईन से सुरक्षित दूरी बनावें । उल्लेखित लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छ.स्टे. पॉ.डि.कं.लिमि. जवाबदार नहीं होगा ।

| क्र. | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का नाम | लाईन की लंबाई | स्थानों का नाम जहां से होकर लाईन गुजर रही है। |
|---|---|---|---|
| 1 | नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र खरकेना से 33 के. व्ही. नोवा फिडर ग्राम - खरकेना बस्ती को जोड़ने के लिये । | 3.10 कि.मी. | हायर सेकेण्डरी स्कूल खरकेना से नोवा फिडर ग्राम - खरकेना बस्ती इत्यादि । |

संवाद-39268

**कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि.,बिलासपुर**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना,**

जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल प्रदाय कार्य हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन कार्य आमंत्रित की जाती है।

**ग्यारहवां आमंत्रण**

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमॉक | निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में) | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 150992 | 405/03-01-2024 | रेट्रो मल्टीविलेज, वि.ख. - सारंगढ़, ग्राम - विक्रमपाली | 28.72 | 21500.00 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छ.ग. शासन की ई-प्रोक्यूरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। दिनांक 17.01.2024 तक समय 17.30 तक बिड डाले जा सकते हैं। निविदा प्रकाशन पश्चात समस्त संशोधन केवल ऑन लाईन ही देखे जा सकेंगे। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रायगढ़ (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।

जी-06903/5

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**रायगढ़ (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बलरामपुर जिला बलरामपुर (छ.ग.)**

निविदा सूचना क्र.63 / व.ले.लि. / का.अ. / लो.स्वा. यां. ख. / 2023 बलरामपुर, दिनांक 28.12.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा एकल प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ( Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम** :- CONSTRUCTION OF SUB DIVISION OFFICE BUILDING INCLUDING WATER SUPPLY, SANITARY FITTINGS, SEWERAGE LINE & CONSTRUCTION OF SEPTIC TANK TO PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT AT DISTRICT-BALRAMPUR (C.G.)

| स.क्र. | सिस्टम क्रमांक | स्थान का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 1150556 | SUB DIVISION BALRAMPUR | 27.62 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, बिड वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एव कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 05.01 2024 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 19.01.2024 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाषित नहीं किए जायेंगे। अत: निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत संपर्क में रहें । अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है ।

जी-06875/2

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**बलरामपुर (छ.ग.)**

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**(1st Call)**

**NIT NO: 56/ZONE 07/24** **RAIPUR DATED: 03.01.2024**

Online bids are invited for the following works up to **02.02.2024** at 17:00 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 150954 | पं. इश्वरी चरण शुक्ल वार्ड क्र 22 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 41 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 60.74 |
| 2 | 150955 | शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड क्र 23 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 40 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 59.26 |
| 3 | 150956 | सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्र 24 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 36 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 53.33 |
| 4 | 150957 | संत रामदास वार्ड क्र 25 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 41 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 60.74 |
| 5 | 150958 | श. चुडामणी नायक वार्ड क्र. 38 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 36 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 53.33 |
| 6 | 150959 | स्वामी आत्मानंद वार्ड क्र 39 अंतर्गत प्लेसमेंट के माध्यम से कलेक्टर दर पर सफाई कार्य हेतु 40 श्रमिक (अकुशल श्रमिक) उपलब्ध कराने का कार्य | 59.26 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **03.01.2024** 17.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal., 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

**ZONE COMMISSIONER**
**ZONE NO. 07**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू से विधायक मिश्रा ने की सौजन्य भेंट

रायपुर। रायपुर नगर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर विधायक मिश्रा की पत्नी सरस्वती मिश्रा भी मौजूद रहीं। इस मुलाकात के दौरान विधायक मिश्रा ने राष्ट्रपति मुर्मू को भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद स्वरूप गमछा व प्रसादी भेंट की। राष्ट्रपति मुर्मू ने विधायक मिश्रा एवं उनकी पत्नी का आत्मीय अभिनंदन किया। इसके बाद पारिवारिक एवं राज्य की व्यवस्थाओं को लेकर सामान्य चर्चाएं हुईं। श्री मिश्रा इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भी मुलाकात की। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर से मुलाकात करके उनके जन्मदिन पर बधाई दी।

### मंत्री राजवाड़े ने किया नारी निकेतन, सखी सेंटर का निरीक्षण

रायपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरुवार को राजधानी स्थित शासकीय बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का अहसास होना चाहिए, इसके लिए उचित वातावरण और आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। श्रीमती राजवाड़े ने बालिका गृह की बच्चियों से बात कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए सजावटी सामानों को देखा और उनका हौसला बढ़ाया। श्रीमती राजवाड़े ने नारी निकेतन और सखी सेंटर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिलाओं की हरसंभव मदद के लिए कहा।

### राज्य सूचना आयोग के सचिव चुरेंद्र को दी विदाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सचिव जीआर चुरेंद्र को आज भावभीनी विदाई दी गई। वर्ष 2003 बैच के आईएएस श्री चुरेंद्र को राज्य शासन ने सरगुजा संभागायुक्त के पद पर पदस्थ किया है। आयोग कार्यालय में राज्य सूचना आयुक्त मनोज कुमार त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल ने श्री चुरेंद्र को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सूचना आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजस्व के लंबित प्रकरण समयसीमा में करें निराकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरुवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने खेल और राजस्व विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खेल प्रतिभागियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास, इसकी गतिविधियों और उपलब्ध खेल संस्थानों की जानकारी ली। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य के सभी खेल मैदानों का समतली करण के साथ-साथ मैदानों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। ग्रामीण स्तर पर बने खेल क्लबों का पंजीयन करने के निर्देश उन्होंने दिए। इन खेल क्लबों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दिया जा सकेगा। खेल विभाग के बजट की जानकारी लेकर खेल गतिविधियों में तेजी लाने के यथाशीघ्र बजट प्रस्तुत करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समयसीमा में निराकृत नहीं करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। इस मौके पर विभागीय सचिव भुवनेश यादव, विशेष सचिव रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, खेल विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, संचालक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**सीए, सीएस, बैंकिंग, रेलवे समेत प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए होगी निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था, नौवीं क्लास के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को मिलेगी अब निःशुल्क साइकिल**

# शिमला, मनाली की तर्ज पर बनेगा मॉल रोड राजिम कुंभ को भव्य बनाने की भी योजना

**प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ली अपने विभागों की मैराथन बैठक**

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश में एक बार फिर से मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विभागों की मैराथन बैठक लेकर कई फैसले किए। स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग के अलग-अलग बड़े फैसले किए गए हैं। जहां एक तरफ राजिम में कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने का फैसला किया गया है, वहीं प्रदेश की विरासत सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में मैनपाट, चैतुरगढ़ जैसे हिल स्टेशन में शिमला, मनाली की तर्ज पर मॉल रोड बनाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में टूरिस्ट प्रदेश के सुंदर अद्भुत नजारों का आनंद आधुनिक सुविधाओं के साथ ले सकें। कक्षा 9वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में निःशुल्क साइकिल दी जाएगी।

श्री अग्रवाल ने सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल कराने के लिए जरूरी प्रयास करने एवं राजिम कुंभ मेला की तैयारी के संबंध में जानकारी लेकर इसके आयोजन को भव्य बनाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही है। उन्होंने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए। सरगुजा के रामगढ़ और चैतुरगढ़ जैसे स्थानों का विकास हिल स्टेशन के रूप में करेंगे, ताकि यहां राज्य के साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभा सके। श्री अग्रवाल ने घोषणापत्र में शामिल प्रदेशवासियों को रामलला दर्शन कराने के लिए अधिकारियों को निश्चित कार्ययोजना बनाने के लिए



आईआरसीटीसी एवं बस ट्रांसपोर्ट्स, होटल मैनेजमेंट आदि की तैयारी करने और राम वन गमन परिपथ योजना के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। श्री अग्रवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक में कहा, छत्तीसगढ़ में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा मकसद है। हमारी सरकार किसी भी योजना को लेकर पूर्वाग्रह से कार्य नहीं करेगी। व्यवस्था पहले से बेहतर और स्थाई हो, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो, इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ेंगे। श्री अग्रवाल ने विभागों की भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी रखने के संबंध में सख्त हिदायत दी और कहा, किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा हुआ तो दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होगी। शिक्षा विभाग में पिछली भर्ती में बचे हुए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के मेधावी छात्रों को कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पर प्रोत्साहन राशि 15 हजार रुपए से बढ़ाकर 25 हजार रुपए करने का निर्णय भी लिया गया। उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा में श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को कार्यों में तीव्रता लाने के स्पष्ट निर्देश दिए और कहा, किसी भी फाइल को अधिकारी अपने पास 7 दिन से अधिक न रोकें। ऐसा होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्री अग्रवाल ने रिक्त पदों के लिए भी 7 दिवसों के भीतर भर्ती नियम बनाने और विभागों को जल्द सेटअप रिवीजन करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि पदोन्नति, भर्ती, नियुक्ति, ट्रांसफर और सेटअप सब निर्धारित समयसीमा के भीतर हो जाए। श्री अग्रवाल ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विश्वविद्यायलों की ग्रेडिंग सुधारने, रिक्त पदों को भरने, कॉमर्स और विज्ञान संकाय को बढ़ावा देने की भी बात कही। साथ ही महाविद्यालयों में बीएससी पाठ्यक्रम में कृषि विज्ञान को सम्मिलित करने की तैयारी के निर्देश दिए। कॉलेजों में सामान्य शिक्षा के साथ सांस्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएसआर के तहत कॉलेजों के लिए फंड जुटाएं और बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करें। धन के अभाव में जो विद्यार्थी कॉलेज नहीं आ पाते, उन्हें बस का किराया या पास उपलब्ध कराने की तैयारी के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में अपर मुख्य सचिव रेणु पिल्ले, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व सचिव पी. अंबलगन, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सचिव एवं संचालक राजेश सिंह राणा, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक सुनील जैन, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक इफ्फत आरा, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव वीके गोयल एवं उच्च शिक्षा आयुक्त शारदा वर्मा, राज्य पर्यटन प्रबंध संचालक जितेन्द्र शुक्ला, विभाग के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

**कानन पेंडारी के बाद जंगल सफारी से चीतल शिफ्ट करने इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा**

# अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ाने तकनीकी तैयारी, पेट भरने 27 वर्ग किमी में हर्बिबोर



**एटीआर में दो नर बाघ के लिए आधा दर्जन मादा बाघ होने का दावा**

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

किसी भी राज्य के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढ़ाने प्राकृतिक अनुकूलता के साथ बाघों का पेट भरने पर्याप्त शिकार की व्यवस्था होना जरूरी है। तभी बाघों की संख्या में वृद्धि हो पाना संभव है। बाघों की गणना रिपोर्ट आने के बाद अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या पूर्व में चार की तुलना में आठ होने का वन अफसर दावा कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार एटीआर में वर्तमान में दो नर बाघ के पीछे छह मादा बाघ हैं, इससे क्षेत्र में आने वाले वर्षों में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा होने का दावा किया गया है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती सरकार ने एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश से बाघ लाकर रि इंट्रोड्यूस करने का निर्णय लिया था, तब एटीआर में चार बाघ थे। एटीआर के फील्ड डायरेटर एस. जगदीशन के मुताबिक ट्रैप कैमरा में एटीआर में अब तक आठ बाघों के होने की पुष्टि हुई है। अफसर के अनुसार एटीआर में वर्तमान में जितने बाघ हैं, उनकी सुरक्षा के साथ बाघों को शिकार करने पर्याप्त हर्बिबोर मिले, इस ओर पहले ध्यान दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में पेट्रोलिंग करने के लिए 109 बीट हैं। इन 109 बीट में पेट्रोलिंग करने वर्तमान में 39 के करीब फॉरेस्ट गार्ड हैं, जिन्हें अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एनटीसीए की सुरक्षा शर्तों को पूरा करने एटीआर में प्रति 10 किलोमीटर में कैंप बनाने के साथ फॉरेस्ट गार्ड की संख्या बढ़ाने एटीआर प्रबंधन शासन को पत्र लिखने की बात कह रहा है।

#### शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति

अफसर के अनुसार पिछले वर्ष सितंबर अक्टूबर में एनटीसीए ने शर्तों के साथ बाघ लाने की अनुमति प्रदान की है। एनटीसीए की पहली शर्त बाघों की सुरक्षा है। इसके बाद दूसरी शर्त बाघों के पेट भरने के लिए पर्याप्त मात्रा में हर्बिबोर होने की शर्त है। एनटीसीए की शर्तों को पूरा करने एटीआर में चीतल की संख्या बढ़ाने उपाय किए जा रहे हैं।

#### सफारी से ले जाएंगे डेढ़ सौ चीतल

बाघों को शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में हर्बिबोर मिल सके, इसके लिए जंगल सफारी से डेढ़ सौ चीतल अचानकमार टाइगर रिजर्व में शिफ्ट करने की जानकारी फील्ड डायरेक्टर ने दी है। अफसर के अनुसार एटीआर में चीतल शिफ्ट करने के पहले इनक्लोजर बनाने का काम चल रहा है, जो फरवरी तक कंपलीट हो जाएगा।

#### ऐसे छोड़ेंगे चीतल को जंगल में

जंगल सफारी से चीतल अचानकमार में शिफ्ट करने के बाद उन्हें जंगल में ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। इनक्लोजर में चीतल की ब्रीडिंग होने के बाद उसी अनुपात में वयस्क चीतल जंगल में छोड़े जाएंगे। उल्लेखनीय है कि चीतल का ब्रीडिंग 90 से 100 दिन के भीतर होता है। सफारी से चीतल शिफ्ट करने के बाद जंगल में चीतलों को छोड़ने कम से कम तीन महीने का समय लगेगा।

#### शिकार के लिए प्रति 27 वर्ग किलोमीटर में चीतल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में वर्तमान में आठ बाघ स्थायी रूप से रह रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक बाघ के लिए वर्तमान में 27 वर्ग किलोमीटर में एक हर्बिबोर प्रजाति का वन्यजीव है, जबकि मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों के शिकार के लिए प्रति 10 वर्ग किलोमीटर में हर्बिबोर प्रजाति के वन्यजीव हैं।

#### स्थिति अनुकूल नहीं होने पर दूसरे जंगल शिफ्ट

अफसर के अनुसार बाघों को अनुकूल परिस्थिति मिले, इसमें प्रमुख रूप से बाघों की मेटिंग के साथ पीने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था के साथ शिकार के लिए वन्यजीवों का होना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर बाघ किसी दूसरे जंगल में शिफ्ट हो जाएंगे या फिर रहवासी क्षेत्र में घुसकर मवेशियों के साथ जान माल को नुकसान पहुंचाएंगे।

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त गर्म हवा

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी युक्त गर्म हवा के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। गर्म हवा के प्रभाव से जहां पारा 1-2 डिग्री चढ़ेगा, वहीं नमी के कारण छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में बारिश होगी। रायपुर में बारिश की संभावना नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का मुख्य क्षेत्र सरगुजा और उसके लगे हुए जिले होंगे। अति भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी। हल्की बारिश ही बंगाल से आ रही हवा कराएगी। गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना शुक्रवार को है। रायपुर में सुबह हल्का कुहासा छाया रहेगा। आसमान साफ ही रहेगा। ना सिर्फ न्यूनतम बल्कि अधिकतम तापमान में भी आने वाले दो दिनों में वृद्धि की संभावना है। न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक वृद्धि होगी तो अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। तापमान में पुनः गिरावट 10 जनवरी से शुरू होगी। इसके बाद ठंड बढ़ेगी। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री अधिक 28.4 तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक 15.7 रहा।

# पीएससी की तरह जहां भी अनियमितता के आरोप, सबकी कराएंगे जांच

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के प्रदेश



सरकार के आदेश के संबंध में कहा, पीएससी की तरह जहां भी इस तरह की अनियमितताओं के आरोप लगे हैं, उन सबकी जांच होगी। यह तय है कि जहां-जहां इस तरह के आरोप लगे हैं, युवाओं में असंतोष है, नौजवानों के साथ अन्याय हुआ है, उन सभी बिंदुओं को जांच के दायरे में लिया जाएगा।

श्री शर्मा ने कहा, प्रदेश में कानून का राज कायम किया जाएगा। अपराधों पर नियंत्रण के लिए भाजपा सरकार पूरी ताकत से काम करेगी। इसके लिए पुलिसिंग को भी दुरुस्त किया जाएगा। अंतरराज्यीय अपराधियों व तस्कर गिरोह पर अंकुश लगाने, सूखा नशा और उसके काले कारोबार के लिए प्रदेश सरकार एक अलग सेल बनाकर काम करेगी, जो इस काम को पूरी दक्षता से देखेगा। सीमावर्ती इलाकों से भी इस तरह की तस्करी होती है। प्रदेश सरकार की कोशिश होगी कि इस कारोबार में लगी पूरी चेन को ही नेस्त-ओ-नाबूद करें। सख्ती से कार्रवाई की जाए, जड़-मूल से ही इसे खत्म कर दिया जाए।

#### नक्सली हिंसा पर लगाएंगे लगाम

श्री शर्मा ने कहा, अपराध और नक्सली हिंसा पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों से कहा गया है। उन्होंने कहा, विभिन्न अस्पतालों में लैंडमैन विस्फोट से पीड़ित जवानों से मिलकर जो दर्द देखा है, वह दर्द शारीरिक के साथ परिवार के लिए भी बड़ा दर्द है। इस दर्द का हिसाब तो लेना होगा। यूं ही नहीं छोड़ा जा सकता इसे। श्री शर्मा ने कहा, प्रदेश सरकार पुलिस के आधुनिकीकरण और सुरक्षा के लिए प्रयासों को गति देगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुरक्षा और आधुनिकीकरण के लिहाज से काम करेंगे।

## शराब खरीदने के विवाद पर युवक की हत्या सवा महीने बाद हत्या का अपराध दर्ज

रायपुर। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में सवा महीने पूर्व शराब खरीदने के विवाद पर युवक की लात-घूंसे तथा डंडा से पिटाई के बाद मौत के मामले में पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर एक ही गांव के आठ लोगों के खिलाफ बलवा तथा हत्या का अपराध दर्ज किया है। घटना नवा रायपुर सीबीडी बिल्डिंग स्थित प्रीमियम शराब दुकान के पास की है। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक माना निवासी गौकरण यादव की हत्या के आरोप में कयाबांधा निवासी सुनील पाल, हरीश यादव, साहेब दास मानिकपुरी, भूपेंद्र बंजारे, जय प्रकाश पाल, दीपक दास मानिकपुरी, आदित्य राज कंडरा तथा कुहेरा निवासी प्रकाश पाल, हरीश धीवर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 15 नवंबर को शाम चार बजे गौकरण अपने एक अन्य साथी के साथ प्रीमियम शॉप में शराब खरीदने के लिए गया था।

# अवैध निर्माण नियमितीकरण के 5 हजार प्रकरण लंबित, 3 माह से नहीं हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में अवैध निर्माण को नियमित कराने संबंधी 5 हजार आवेदन लंबित हैं। आचार संहिता के कारण इन प्रकरणों का निपटारा नहीं हो पाया। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी को इस पर निर्णय लेना है। अब तक नियमितीकरण के लिए बनाई गई समिति की 8 बैठकें हो चुकी हैं। नई सरकार गठन के बाद अब यह 9वीं बैठक होगी। रायपुर शहर में अवैध निर्माण को नियमितीकरण कराने शहरभर में 1 साल की समय अवधि में नगर निगम के दस जोनों के 70 वार्डों से 16 हजार आवेदन अलग-अलग वार्डों से प्राप्त हुए। अवैध निर्माण को नियमित कराने मिले आवेदनों में आवासीय श्रेणी के 11,500 आवेदन और व्यावसायिक भवन संबंधी 4,500 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अब तक 8200 आवासीय प्रकरणों का निपटारा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठकों में किया गया। इसी तरह गैर आवासीय श्रेणी के 2650 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 117 आवेदन निरस्त हुए। अवैध निर्माण के निरस्त हुए आवेदनों में 55 आवेदन आवासीय और 62 आवेदन व्यावसायिक श्रेणी के रहे। सूत्रों के मुताबिक अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों में अमलीडीह स्थित जोन 10 दफ्तर के 7 वार्डों से मिले 1092 आवेदनों का निराकरण होना बाकी है, जबकि फाफाडीह स्थित जोन 2 के केवल 134 आवेदन का निपटारा होना बाकी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने राजीनामा के स्थान पर शहर में अवैध निर्माण के नियमितीकरण कराने लोगों को 1 साल तक मौका दिया, जिसमें निर्धारित शुल्क जमा कर संबंधित निर्माणकर्ता अपने अवैध निर्माण को वैध करा सकता है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur – 492010 (CG)
Phone: (0771) 225 4200
Fax: (0771) 225 46 00
Email: director.nitrr@rediffmail.com
Website: www.nitrr.ac.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नानुसार है: **Regarding various civil repair & maintenance works (bathroom outlet pipe line, water supply main line, parking shed painting, boundary wall colour washing, tiles and granite works) in Indrawati hostel at NIT campus Raipur. (first call)**

Enquiry No.: **NITRR/EE/EO/ETender/2023/0196** Raipur, Dated: **02-01-2024** जो कि ई–निविदा के माध्यम से **www.tenderwizard.com/NITR** पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि **27/01/2024, 18:00** बजे तक व निविदा खुलने की तिथि **29/01/2024, 16:00** बजे।

फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट **www.nitrr.ac.in** व **www.tenderwizard.com/NITR** से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर

ASA

**–:: न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.) ::–**

**–:: ईश्तहार ::–**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - 02/1-20(2)/2023-24

पक्षकार:- आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर सहप्रबंध निर्देशक ...............आवेदक
बी.एस.सी.एल. बिलासपुर

विरूद्ध

छत्तीसगढ़ शासन ..........अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर सहप्रबंध निर्देशक बी.एस.सी.एल. बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला गोड़पारा शीट नंबर 30, 31 प्लाट नंबर 78, 80, 81, 82, 140 रकबा 4250 वर्गफीट भूमि को जो कि वर्तमान नजूल संधारण खसरा में खुला नजूल मद में दर्ज है, में से .... वर्गफुट भूमि मांग हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 18.01.2024 को न्यायालयीन समय/दिवसों में स्वतः/अधिवक्ता/अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 19/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

एनटीपीसी NTPC
**एन टी पी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

**आम सूचना**

सर्वसंबन्धितों को सूचित किया जाता है कि कोयला धारक (अधिग्रहण एवं विकास) क्षेत्र अधिनियम, 1957 की धारा 9 (1) के अन्तर्गत अधिग्रहित निजी भूमि के भू-स्वामियों को मुआवजा, उपलब्ध कागजात/दस्तावेजों के अनुसार निम्नलिखित व्यक्तियों/भूमि स्वामियों को तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना, एन.टी.पी.सी. लिमिटेड, तलईपल्ली तह. घरघोड़ा, जिला रायगढ़ द्वारा दिया जाना है।

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम | खसरा नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | गोपालसिंह पिता करमसिंह, गंभीरसिंह पिता करमसिंह जाति गोंड | चोटीगुड़ा | 213/5 |
| 2. | सत्यनारायण पैंकरा पिता रामपाल पैंकरा जाति कंवर | चोटीगुड़ा | 323/3 |
| 3. | चुलोराम पिता खेमा, भानू पिता खेमा जाति कोलता | तलईपल्ली | 26/68 |

सर्वसंबन्धितों को सूचित किया जाता है कि तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना अंतर्गत वन भूमि को कोयला धारक (अधिग्रहण एवं विकास) क्षेत्र अधिनियम, 1957 की धारा 9 (1) एवं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अनुसार वनेतर परियोजन के लिए एनटीपीसी को हस्तांतरण किया गया है। इस वन भूमि में अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा वन भूमि के लिए प्रदत्त वन अधिकार पट्टा धारकों को मुआवजा, उपलब्ध कागजात/दस्तावेजों के अनुसार निम्नलिखित व्यक्तियों/वन पट्टा भूमि धारकों को तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना, एन.टी.पी.सी. लिमिटेड द्वारा दिया जाना है–

| क्र. | वन अधिकार पट्टा धारक का नाम | ग्राम | खसरा नं. |
|---|---|---|---|
| 1. | संतोष पत्नी बुन्द्रवती, आश्रित – बुन्द्रावती, रेशम कुमार, रमिलो, रंगवती, पुरन्धर, शनिरो, जाति धनुहार | तलईपल्ली | 23/1 |
| 2. | चैतन पत्नी मुनूदाई, आश्रित – साधमोती, मुनूदाई, दयाराम, मांगमोती, मयाराम, चम्पी, अनिता, ललिता, विकास, जाति धनुहार | तलईपल्ली | 118/1 |
| 3. | मनोहर पत्नी मांगमोती, आश्रित – रामलाल, रूपई, उद्धव, राधिका, हिराधन, निरा, हेमकुमारी, नवादाई जाति कंवर | कुधुरमौहा | 23 |
| 4. | लोहरसिंह पत्नी खुलासो, जाति कंवर | कुधुरमौहा | 180 |
| 5. | लगनसाय पत्नी पंचमोती आश्रित – दिलीप, चित्रावती जाति कंवर | कुधुरमौहा | 183 |
| 6. | बलराम पत्नी दिलमोती, आश्रित – अभिषेक, जाति उरांव | बिच्छीनारा | 143/1 |
| 7. | कमलसाय पत्नी लीलावती आश्रित – परशुराम, कीर्तन जाति उरांव | बिच्छीनारा | 143/1 |
| 8. | जगसाय पत्नी चमेली, आश्रित – देवेन्द्र, विष्णु, जाति उरांव | बिच्छीनारा | 143/1 |
| 9. | दुरपाल पत्नी जयकुमारी, आश्रित – परमानन्द, प्रफुल्ल, जाति गोंड | रायकेरा | 254/1 |
| 10. | संपति पति स्व. प्रसाद सिंह, आश्रित – मुन्ना, रूपमती, जाति कंवर | रायकेरा | 254/1 |
| 11. | चतुरसिंह पत्नी ननकी, पंचराम पत्नी कमला, आश्रित – राजकुमार, श्रद्धा, जयंती, दुर्गा, सेहेत्तर, चमरीन, मुन्ना, मुनीया, लोकपाल, घुराई, इशा, नेवन, तुलसी, जाति कंवर | रायकेरा | 302/1 |

उपरोक्त के संदर्भ में सभी संबंधित व्यक्तियों/पक्षकारों/भूमि स्वामियों/वन पट्टा भूमि धारकों को सूचित किया जाता है कि मुआवजा राशि हेतु समस्त दस्तावेज भू-अर्जन शाखा, एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना, प्रशासनिक भवन/कार्यालय रायकेरा में प्रस्तुत करें, जिससे भुगतान की प्रक्रिया की जा सके। इसके अतिरिक्त उक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति विशेष का दावा/आपत्ति हो या अन्य किसी व्यक्ति को (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा वन भूमि के लिए वन अधिकार पट्टा मिला हो तो 15 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उक्त भूमि का मुआवजा भुगतान उपरोक्त वर्णित दावेदारों को किया जावेगा। उक्त अवधि के उपरांत नए पट्टा धारकों के मुआवजा के लिए एनटीपीसी उत्तरदायी नहीं होगा।

भवदीय
अपर महाप्रबंधक (भू-अर्जन)
तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना,
एनटीपीसी लिमिटेड, तलईपल्ली, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)

विद्युत क्षेत्र में अग्रणी

## खबर संक्षेप



### महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 टूर्नामेंट 8 से

**मुंबई।** महिला बधिर प्रीमियर लीग टी10 के पहले टूर्नामेंट का आयोजन यहां आठ से 11 जनवरी तक किया जाएगा जिसमें छह टीम खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। भारतीय बधिर क्रिकेट संघ के अनुसार पंजाब लायंस, यूपी वारियर्स, मुंबई स्टार्स, दिल्ली बुल्स, हैदराबाद ईगल्स और बेंगलोर बादशाहाज की टीम 12 मैच की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता को एक लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी जबकि उप विजेता को 50 हजार रुपए मिलेंगे। सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आक्रामक रुख अपनागी ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम



**नवी मुंबई।** लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहैम ने गुरुवार को यहां कहा कि बेहतर स्थिति में होने के दौरान आक्रामक रुख अपनाकर ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने में सफल रही है और तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भी यही रुख कायम रखेगी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ कभी द्विपक्षीय एकदिवसीय श्रृंखला नहीं गंवाई है। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने 31 में से 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले जीते हैं जबकि छह मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा।

### टेस्ट श्रृंखला कम से कम तीन मैच को हो



**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख निक हॉकले ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दूसरे दर्जे की टीम भेजने के बाद सभी को सतर्क हो जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में कम से कम तीन मैचों का आयोजन करने की वकालत की। हॉकले ने कहा, 'यह सभी के लिए एक चेतावनी है। बच्चों और नए लोगों को इस खेल से जोड़ने में टी20 की भूमिका को कम करके नहीं आंका जा सकता। हमारा विश्वास है कि यह दोनों प्रारूप एक साथ चल सकते हैं।'

### अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्लूएफआई

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ खेल मंत्रालय द्वारा लगा निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को यहां कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।

## क्रिकेट : 31 साल बाद मिली जीत, टीम इंडिया ने 7 विकेट से द.अफ्रीका को हराया

# भारत केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने वाला पहला एशियाई देश, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी ⏭ केपटाउन

भारत ने टेस्ट इतिहास के अब तक के सबसे छोटे मैच में दक्षिण अफ्रीका पर सात विकेट की जीत से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। भारत की न्यूलैंड्स पर सात प्रयासों में यह पहली जीत है। केपटाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर भारत पहली बार कोई टेस्ट मैच जीता है। 31 सालों का इंतजार आखिरकार समाप्त हुआ। यह केपटाउन में सिर्फ भारत की नहीं, बल्कि किसी भी एशियाई टीम की पहली जीत है। पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश अब तक यहां नहीं जीत पाया।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को ऐसा खतरनाक स्पैल डाला कि दक्षिण अफ्रीका लंच से ठीक पहले दूसरी पारी में 36.5 ओवर 176 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला। यह लक्ष्य भारत ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर टीम को पांचवें सत्र के अंदर जीत दिलाई। जीत के लिए बुमराह और मोहम्मद सिराज के प्रदर्शन के लिए याद रखा जाएगा। सिराज ने अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ छह विकेट के प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेटने में मुख्य भूमिका निभाई थी।



### बुमराह ने किया कमाल

बुमराह ने छह विकेट लेने के साथ कई रिकॉर्ड बनाए। वह अफ्रीकी धरती पर तीन बार पांच विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बने। उनसे पहले जवागल श्रीनाथ ने ऐसा किया था। अफ्रीकी धरती पर विकेट लेने के मामले में भी वह मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बुमराह के नाम 38 विकेट हैं। श्रीनाथ 40 विकेट और कुंबले 45 विकेट उनसे आगे हैं।



### डब्लूटीसी अंक तालिका

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | ड्रा | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 4 | 2 | 1 | 1 | 26 |
| 2 | द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 3 | न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 4 | ऑस्ट्रेलिया | 7 | 4 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 |
| 6 | पाकिस्तान | 4 | 2 | 2 | 0 | 22 |
| 7 | वेस्ट इंडीज | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 |
| 8 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 |

### रोहित की कप्तानी कौशल का नतीजा

कप्तान रोहित के लिए बतौर कप्तान क्रिकेट के चार बड़े देश दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट जीतना शानदार है लेकिन इसमें उनके द्वारा लिए गए फैसलों से उनका कप्तानी कौशल दिखाई दिया। मुकेश कुमार (चार विकेट) को शार्दुल ठाकुर के स्थान पर खिलाना अच्छा फैसला रहा। पहले टेस्ट में सेंचुरियन में मिली पारी और 32 रन की हार के बाद गेंदबाजों ने गेंदबाजी करने की आदर्श लेंथ भी जानी। बुमराह और सिराज ने पहली पारी में जिस तरह पिच के मिजाज को परखा, वह काबिलेतारीफ रहा जो इस बात का उदहारण है कि मौजूदा पीढ़ी करारी हार के बाद भी घुटने नहीं टेकती।



### रोहित ने की धोनी की बराबरी

*रोहित श्रृंखला बराबर होने से महेंद्र सिंह धोनी (2010-11) के बाद दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला ड्रा कराने वाले दूसरे कप्तान बन गए। हालांकि दक्षिण अफ्रीका अब भी भारत के लिए अजेय किला बना हुआ है क्योंकि वह इस देश में अब तक कोई भी टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सका है।*

### अफ्रीका में भारत की जीत

| साल | जगह | नतीजा |
|---|---|---|
| 2006 | जोहान्सबर्ग | 123 रन से जीता |
| 2010 | डरबन | 87 रन से जीता |
| 2018 | जोहान्सबर्ग | 63 रन से जीता |
| 2021 | सेंचुरियन | 113 रन से जीता |
| 2024 | केपटाउन | 7 विकेट से जीता |

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्कराम का शर्मा बो सिराज | 106 | 103 | 17 | 2 |
| एल्गर का कोहली बो मुकेश | 12 | 28 | 2 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो मुकेश | 01 | 07 | 0 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो बुमराह | 01 | 14 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का राहुल बो बुमराह | 11 | 12 | 2 | 0 |
| वेरेयने का सिराज बो बुमराह | 09 | 07 | 1 | 0 |
| यानसेन का एवं बो बुमराह | 11 | 09 | 2 | 0 |
| महाराज का अय्यर बो बुमराह | 03 | 04 | 0 | 0 |
| रबाडा का शर्मा बो प्रसिद्ध | 02 | 12 | 0 | 0 |
| नैनड्रे बर्गर नाबाद | 06 | 20 | 1 | 0 |
| एनगिडी का जायसवाल बो बुमराह | 08 | 10 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 36.5 ओवर में 176/10
गेंदबाजी : बुमराह 13.5-0-61-6, सिराज 9-3-31-1, प्रसिद्ध 10-2-56-2, मुकेश 4-1-27-1.

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का स्टब्स बो बर्गर | 28 | 23 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा नाबाद | 17 | 22 | 2 | 0 |
| शुभमन गिल बो रबाडा | 10 | 11 | 2 | 0 |
| कोहली का वेरेयने बो यानसेन | 12 | 11 | 2 | 0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 04 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 12 ओवर में 80/3
गेंदबाजी : रबाडा 6-0-34-1, बर्गर 4-0-29-1, यानसेन 2-0-15-1.

# स्टंपिंग, कन्कशन सब्स्टीट्यूट के नियमों में आईसीसी का संशोधन

एजेंसी ⏭ दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने खेल की स्थितियों में उल्लेखनीय बदलाव किया है, जिसके अनुसार अंपायर अब निर्णय समीक्षा प्रणाली रेफरल के दौरान विकेट के पीछे कैच पर विचार किए बिना स्टंपिंग के लिए केवल 'साइड ऑन रीप्ले' का आकलन करेंगे।

नियमों में यह संशोधन 12 दिसंबर 2023 से लागू हो गया है। इसके अनुसार यदि कोई टीम स्टंप आउट की जांच के दौरान विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल लेना चाहती है तो उसे अलग से डीआरएस का विकल्प चुनना होगा। पिछले साल भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के दौरान ऑस्ट्रेलिया के



विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने टीम के डीआरएस का उपयोग किए बिना स्टंपिंग के बाद विकेट के पीछे कैच के लिए भी रेफरल का इस्तेमाल किया था। लेकिन अब नए नियम लागू होने के बाद स्टंपिंग के लिए की गई अपील में केवल साइड ऑन कैमरे की छवि को ही दिखाया जाएगा और अंपायर केवल उसी पर गौर करेंगे। वह इसकी जांच नहीं करेंगे की गेंद बल्ले को छूकर गई है या नहीं।

### कन्कशन के लिए नियम

आईसीसी ने कन्कशन के लिए स्थानापन खिलाड़ी लेने को लेकर भी नियमों को स्पष्ट किया है। अब स्थानापन खिलाड़ी को तभी गेंदबाजी करने की अनुमति दी जाएगी जबकि मूल खिलाड़ी को गेंदबाजी करते समय 'कन्कशन' के कारण हटना पड़ा हो। विश्व क्रिकेट की संचालन संस्था ने इसके साथ ही मैदान पर चोट के आकलन और उपचार के लिए चार मिनट का समय भी तय कर दिया है।

### भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 मैच आज

**नवी मुंबई।** इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 0-3 से गंवाई थी जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी20 श्रृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं

# वार्नर ने बनाए 34 रन, ऑस्ट्रेलिया और पाक मैच में बारिश का खलल

एजेंसी ⏭ सिडनी

डेविड वार्नर अपने विदाई टेस्ट मैच की पहली पारी में 34 रन बनाकर आउट हुए जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में गुरुवार को यहां खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 116 रन बनाए। खराब रोशनी और बारिश के कारण दूसरे दिन केवल 46 ओवर का खेल ही संभव हो पाया। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 313 रन बनाए थे और इस तरह से ऑस्ट्रेलिया अभी उससे 197 रन पीछे है।

जब अंपायरों ने दूसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किया तब मार्नस लाबुशेन 23 और स्टीव स्मिथ 6 रन पर खेल रहे थे। दूसरे सत्र में पहले खराब रोशनी के कारण खेल रोका गया। सिडनी क्रिकेट



ग्राउंड पर दूधिया रोशनी का प्रकाश था लेकिन इसके बावजूद खेल रोक दिया गया जो दर्शकों को नागवार गुजरा। कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने भी इस फैसले की आलोचना की। स्टेडियम में मौजूद 25000 दर्शक खेल शुरू होने की उम्मीद में बैठे रहे लेकिन उसके बाद बारिश आ गई जिसके कारण आगे खेल नहीं हो पाया।

# कोको गॉफ का ऑकलैंड टेनिस में शानदार जीत



एजेंसी ⏭ ऑकलैंड

अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने गुरुवार को यहां चेक गणराज्य की किशोरी बारबरा फ्रुहविर्टोवा को 6-3, 6-0 से पराजित करके ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

चेक गणराज्य की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने गॉफ को शुरुआत में चुनौती दी लेकिन अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बनाकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। गॉफ क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त वरवारा ग्रेचेवा से भिड़ेंगी। ग्रेचेवा ने स्विट्जरलैंड की लुलु सुन को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच ने छह ऐस लगाए और नौ में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चीन की युआन यू को 6-2, 6-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में मार्टिच का मुकाबला अमेरिका की एम्मा नवारो से होगा।

# अजारेंका, ओस्टापेंको ने क्वार्टर में बनाई जगह

एजेंसी ⏭ ब्रिस्बेन

विक्टोरिया अजारेंका ने गुरुवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा। इस टूर्नामेंट का 2009 में जब पहली बार आयोजन किया गया था तब अजारेंका चैंपियन बनी थी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 7-5, 6-2 से हराकर पांचवीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन ओस्टापेंको ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की विजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में 2017 के चैंपियन ग्रिगोर



दिमित्रोव ने डैनियल अल्टमायर को आसानी से 6-1, 6-2 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचाक को 5-7, 6-2, 7-6 (4) से हराया।

# ला लिगा : रियल मैड्रिड और गिरोना ने दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ मैड्रिड

रियल मैड्रिड और गिरोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में शीर्ष दो स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। इन दोनों टीम ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीते। इससे उनके 19 मैच में 48 अंक हो गए हैं जबकि तीसरे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के उनसे 10 अंक कम हैं।

रियल मैड्रिड गोल अंतर में गिरोना से आगे शीर्ष पर काबिज है। रियल मैड्रिड ने एंटोनियो रुडिगर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से अपने घरेलू मैदान पर मलोर्का को 1-0 से हराया। वीनीसीयस जूनियर ने चोट से उबरकर इस मैच में वापसी की। इस सत्र में स्पेनिश फुटबॉल लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाली गिरोना की टीम ने इवान मार्टिन के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड को 4-3 से हराया। एटलेटिको की तरफ से तीनों गोल अलवारो मोराता ने किए। अन्य मैचों में सेल्टा विगो ने रियल बेटिस को 2-1 से जबकि ग्रेनाडा ने कैडिज को 2-0 से हराया।

**भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE**
**JOIN INDIAN AIR FORCE AS AGNIVEERVAYU**

**INDIAN AIR FORCE INVITES ONLINE APPLICATIONS FROM UNMARRIED INDIAN MALE AND FEMALE CANDIDATES FOR SELECTION TEST FOR AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2025 UNDER AGNIPATH SCHEME**

**Online Registration dates** : From 1100h on 17 January 2024 to 2300h on 06 February 2024.
**Online Examination dates** : From 17 March 2024 onwards.
**Webportal for registration** : https://agnipathvayu.cdac.in
**Date of Birth Block** : Born between 02 January 2004 and 02 July 2007 (both dates inclusive)
**Educational Qualification** :

(a) **Science Subjects**

Candidates should have passed **Intermediate/10+2/ Equivalent examination** with **Mathematics, Physics and English** from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks** in aggregate and **50% marks in English**.

OR

Passed **Three years Diploma Course in Engineering** (Mechanical / Electrical / Electronics / Automobile / Computer Science / Instrumentation Technology / Information Technology) from Central, State and UT recognized Polytechnic institute with **50% marks in aggregate** and **50% marks in English** in Diploma Course (or in Intermediate/Matriculation, **if English is not a subject in Diploma Course**).

OR

Passed **Two years Vocational Course with non-vocational subject viz. Physics and Mathematics** from Education Boards recognized by Central, State and UT with **50% marks in aggregate** and **50% marks in English** in Vocational Course (or in Intermediate / Matriculation, **if English is not a subject in Vocational Course**).

(b) **Other than Science Subjects**

Passed Intermediate / 10+2 / Equivalent Examination in any stream/subjects from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks in aggregate** and **50% marks in English**.

OR

Passed two years Vocational Course from Education Boards recognized by Central, State and UT with minimum **50% marks** in aggregate and **50% marks** in English in Vocational Course (or in Intermediate / Matriculation if **English is not a subject in Vocational Course**).

**Note - 1**: Candidates eligible for Science Subjects examination (Including Intermediate/ 10+2/three years diploma course in engineering or two years vocational course with non-vocational subjects of Physics and Maths) are also eligible for Other than Science Subjects and would be given an option of appearing in both Science Subjects and Other than Science Subjects examination in one sitting while filling up the online registration form.

**Registration & Examination Fee : Rs. 550/- plus GST.**

**FOR DETAILED INFORMATION ON ENTRY LEVEL QUALIFICATION, MEDICAL STANDARDS, TERMS & CONDITIONS, INSTRUCTIONS FOR FILLING UP ONLINE APPLICATIONS AND REGISTRATION FOR AGNIVEERVAYU INTAKE 01/2025 LOG ON TO** https://agnipathvayu.cdac.in

**Scan QR code for information and registration of application**

CBC10803/11/0010/2324

## सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी

# रणजी ट्रॉफी में चमक बिखेरने उतरेंगे खिलाड़ी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के विभिन्न स्थानों पर शुक्रवार से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में जहां नए खिलाड़ी अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे वहीं कुछ पुराने खिलाड़ी अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए जीजान लगाएंगे।

भारत की टेस्ट टीम में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में खिलाड़ी लगभग तय हैं ऐसे में देश की प्रमुख क्रिकेट प्रतियोगिता में कोई असाधारण प्रदर्शन ही चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित कर पाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने के आखिर में



शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में बहुत अधिक बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की क्रिकेट में ही व्यस्त रहेंगे जिसमें आईपीएल और जून में होने वाला टी20 विश्व कप भी शामिल है। रणजी ट्रॉफी में सभी की निगाह अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा पर टिकी रहेगी जो अभी भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। यह दोनों खिलाड़ी बड़े स्कोर बनाकर अपनी दावेदारी बरकरार रखने की कोशिश करेंगे।

रहाणे 41 बार के चैंपियन मुंबई की अगुवाई भी करेंगे। इसी तरह से पिछले सत्र में सर्वाधिक 990 रन बनाने वाले कर्नाटक के मयंक अग्रवाल भी बड़ी पारियां खेल कर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत करने की कोशिश करेंगे।


### युवाओं पर सलेक्टर्स की नजर

कई युवा खिलाड़ी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने के लिए बेताब है। इनमें मुंबई के सरफराज खान भी शामिल हैं जो पिछले कुछ सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे। तेज गेंदबाजी की 'बेंच स्ट्रेंथ' को मजबूत करने की चर्चा चल रही है। ऐसी परिस्थितियों में कर्नाटक के विद्युत कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार, गुजरात के अर्जन नागवासवाला और बंगाल के इशान पोरेल जैसे युवा तेज गेंदबाज अपना प्रभाव छोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां तक स्पिनरों की बात है तो राजस्थान के 21 वर्ष के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार पर निगाह टिकी रहेंगी जिन्होंने पिछले सत्र में आठ मैच में 44 विकेट लिए थे।




## रोचक खबरें

### 3608 फीट की ऊंचाई पर है ये चट्टान, दिखता है खूबसूरत नजारा



**नार्वे।** ट्रोलटुंगा नॉर्वे की सबसे शानदार चट्टानों में से एक है। यह समुद्र तल से लगभग 1100 मीटर (3608.92 फीट ) ऊपर स्थित है और पहाड़ से क्षैतिज रूप से आगे निकली हुई है। यह चट्टान रिंगेडल्सवाटनेट झील से लगभग 700 मीटर ऊपर है, जिस पर से लोगों को दुनिया का सबसे खूबसूरत नजारा देखने को मिलता है। वहां पहुंच कर उनको एक अलग ही दुनिया का एहसास होता है। अब इस चट्टान का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

#### सुंदरता से भरा प्राकृति नजारा स्वर्ग जैसा

वीडियो में आप देख सकते हैं इस चट्टान पर से कितना सुंदर प्राकृतिक नजारा दिखता है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, दूर तक बहता पानी, सफेद बादलों से भरा हुआ स्काईब्लू आसमान और सूरज की चारों और बिखरी हुई रोशनी दिखती है। ये सब चीजें इस जगह को स्वर्ग जैसा सुंदर बनाती हैं, इसलिए लोगों को ये जगह बड़ी मनमोहक लगती है। एक बार इस जगह को देखने के बाद वे इसे कभी भूल नहीं पाते हैं।

### यहां मिली 3000 साल पुरानी तलवार अभी भी बरकरार है चमक



नई दिल्ली। जर्मनी में एक प्राचीन तलवार पाई गई है, जिसे आर्कियोलॉजिस्ट्स ने कांस्य युग के दफन स्थान से निकाला है। तलवार को 3000 साल पुराना बताया जा रहा है। इतने सालों के बाद भी ये हथियार इतनी अच्छी हालत में है कि अभी भी चमकता है। यह देख कर पुरातत्वविदों चौंक गए। बताया गया है कि ये तलवार ईसा पूर्व 14वीं शताब्दी के अंत की तीन लोगों की कब्रगाह में मिली है।

#### 'अच्छी तरह से संरक्षित है तलवार'

बयान में आगे बताया, 'तलवार इतनी अच्छी तरह से संरक्षित है, यह अभी भी चमकती है। उसमें कांस्य से बना एक अष्टकोणीय मूठ है, जो अब हरे रंग का है, क्योंकि कांस्य में तांबा होता है। तांबा एक धातु है, जो हवा और पानी के साथ संपर्क आने पर ऑक्सीकरण करती है।

#### 'तलवार की खोज दुर्लभ है'

पुरातत्वविदों ने तलवार का समय ईसा पूर्व 14वीं शताब्दी के अंत का बताया है। टीम ने कहा कि इस तलवार की खोज दुर्लभ है। केवल कुशल लोहार ही अष्टकोणीय तलवारें बना सकते थे। ब्लेड पर कोई कट का निशान या घिसाव का कोई निशान नहीं है, जिससे पता चलता है कि इसका कोई औपचारिक या प्रतीकात्मक उद्देश्य था।

# पेरिस में होगी 'डायनासोर के कंकाल' की नीलामी, करोड़ों रुपए में बिकने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| पेरिस

अभी तक आपने दुर्लभ वस्तुएं और कपड़ों की नीलामी देखी और सुनी होंगी, जिसकी बोली लाखों-करोड़ों रुपये में लगती है। इसी कड़ी में अगले महीने पेरिस में एक और दुर्लभ नीलामी होने वाली है, लेकिन ये अन्य नीलामियों से अलग है और इसके बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। इस नीलामी में 'डायनासोर का कंकाल' नीलाम होने वाला है, जिसे बैरी के नाम से जाना जाता है।

#### कैसा है नीलामी में बिकने वाला कंकाल?

जानकारी के मुताबिक, नीलाम होने वाला डायनासोर का कंकाल कैम्पटोसॉरस प्रजाति का है। यह लगभग 15 करोड़ साल पहले जुरासिक काल के अंत का है। इतना पुराना होने के बावजूद यह अच्छी तरह से संरक्षित रखा हुआ है। इस डायनासोर का कंकाल 2.10 मीटर ऊंचा और 5 मीटर लंबा है। इसकी नीलामी पेरिस नीलामी घर होटल ड्रौट में होगी और इसके 10 करोड़ रुपये से भी ज्यादा में बिकने की उम्मीद है।

#### 1990 के दशक में खोजा गया था यह कंकाल



इस कंकाल को पहली बार 1990 के दशक में अमेरिका के व्योमिंग में खोजा गया था। इसके बाद सबसे पहले 2000 में जीवाश्म विज्ञानी बैरी जेम्स ने इस डायनासोर को बहाल किया था, जिसकी वजह से इन्हीं के नाम पर डायनासोर का नाम भी पड़ गया। हालांकि, पिछले साल इतालवी प्रयोगशाला जोइक ने बैरी का अधिग्रहण कर लिया था। इसके बाद उन्होंने कंकाल पर आगे की बहाली का काम किया।

#### कंकाल के बारे में रोचक बातें

नीलामी घर के अधिकारी अलेक्जेंड्रे गिकेलो ने डायनासोर के कंकाल के बारे में कई चीजें बताई हैं। उन्होंने कहा, यह कंकाल अच्छी तरह से संरक्षित है, जो काफी दुर्लभ भी है। इसकी खोपड़ी 90 प्रतिशत पूरी वैसे की वैसे ही है और कंकाल का बाकी का हिस्सा करीब 80 प्रतिशत तक पूरा है। इसके अलावा डायनासोर के नमूने बहुत कम बिकते हैं, सालभर में बस 1-2 की ही बिक्री होती है, इसलिए यह काफी दिलचस्प होगा।

#### 9 करोड़ में बिका था राजकुमारी डायना का स्वेटर

बता दें कि कुछ दिनों पहले, न्यूयॉर्क के नीलामी घर सोथबी ने ब्रिटेन की पूर्व राजकुमारी डायना का एक स्वेटर अपनी नीलामी में शामिल किया था। नीलामी में यह स्वेटर 9 करोड़ रुपये से भी अधिक कीमत में बिका है और इसे बिकने में महज 15 मिनट का समय लगा। सोथबी के अनुसार, यह राजकुमारी डायना के किसी परिधान के लिए नीलामी में चुकाई गई अब तक की सबसे ऊंची कीमत है।

# इतनी मजबूत दाढ़ी कि किसी ने खींचा ट्रक तो किसी ने ट्रेन, महिला ने भी रचा इतिहास

*नई दिल्ली। दुनियाभर में ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने अलग-अलग तरह की चीजें करके अपना नाम गिनीज विश्व रिकॉर्ड में शामिल किया है। इन रिकॉड्‌र्स में दुनिया की सबसे मजबूत दाढ़ी भी शामिल है। जिन व्यक्तियों ने इस श्रेणी में रिकॉर्ड दर्ज किया है, वो अपनी दाढ़ी से कार, ट्रेन खींच सकते हैं और यहां तक की इससे इंसानों को भी लटका सकते हैं। यकीनन ये जानकर आपकी हैरानी हो रही होगी, लेकिन सच यही है।*

#### भारतीय ने दाढ़ी से खींचा था सबसे भारी वाहन

जानकारी के मुताबिक, ये सभी रिकॉर्ड यह साबित करते हैं कि विजेताओं के चेहरे के बाल सिर्फ फैशन का हिस्सा नहीं है, बल्कि इससे कहीं ज्यादा हैं। भारत से राजस्थान के रहने वाले कपिल गहलोत ने 2012 में 24 साल की उम्र में ये रिकॉर्ड हासिल किया था। उस दौरान उन्होंने अपनी दाढ़ी से सबसे भारी वाहन खींचने का रिकॉर्ड बनाया था। वाहन का वजन 2,205 किलोग्राम था, जिसे कपिल ने अपनी दाढ़ी से 226 फीट 3 इंच खिसकाया था।



#### स्पेन के व्यक्ति ने खींची थी दाढ़ी से भारी ट्रेन

स्पेन के इस्माइल रिवास फाल्कन नामक व्यक्ति ने भी मजबूत दाढ़ी का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने 2001 में एक टीवी शो के सेट पर अपनी दाढ़ी से सबसे भारी ट्रेन खींचने का रिकॉर्ड बनाया था। उस वक्त इस्माइल ने जिस ट्रेन को खींचा था, उसका वजन 2,753 किलोग्राम का था। इस्माइल ने यात्रियों से भरी इतनी वजन वाली ट्रेन को दाढ़ी से 32.8 फीट की दूरी तक खींचा था।

#### दाढ़ी के सहारे से उठाया सबसे भारी वजन



गिनीज बुक में मजबूत दाढ़ी से भारी वजन खींचने के अलावा भारी वजन उठाने का रिकॉर्ड भी शामिल है। यह अनोखा रिकॉर्ड यूरोप निवासी एंटानास कोंट्रीमास ने 2013 में बनाया था। उन्होंने तुर्की में एक शो के सेट पर शो की प्रेजेंटर को अपनी दाढ़ी से जुड़ी पट्टियों पर लटकाकर उठाया था। उस वक्त उनका वजन 63.80 किलोग्राम का था। एंटानास ने उस पल को दोबारा क्रिएट करने के लिए तस्वीरें भी खिंचवाई थी।

#### महिला ने बनाया लंबी दाढ़ी का विश्व रिकॉर्ड



इसके अलावा दाढ़ी से जुड़ा एक और अनोखा रिकॉर्ड गिनीज बुक में शामिल है, जो अमेरिका निवासी एक महिला ने बनाया है। जी हां, मिशिगन निवासी 38 वर्षीय एरिन हनीकट करीब 2 साल से अपनी दाढ़ी बढ़ा रही थी, जिसके कारण उनकी दाढ़ी 30 सेंटीमीटर तक हो गई थी। इसके कारण वह पुराना रिकॉर्ड तोड़ने में सफल हुई और खुद आधिकारिक तौर पर जीवित महिला की सबसे लंबी दाढ़ी का विश्व रिकॉर्ड बना लिया था।

# बेहद खतरनाक मानी जाती है अब्राहम झील



**नई दिल्ली।** कनाडा के अल्बर्टा में स्थित अब्राहम झील एक कृत्रिम झील है, जो लगभग 53.7 वर्ग किलोमीटर तक फैली हुई है और समुद्र तल से 1,340 मीटर ऊंचाई पर है। माउंटेन व्हाइटफिश, रेनबो ट्राउट और बुल ट्राउट जैसी प्रजातियों की मछलियों का घर इस झील का नजारा बहुत खूबसूरत है, लेकिन ऐसा कहा जाता है कि इस झील की सुंदरता के बीच एक खतरा भी मंडराता रहता है।

**झील को खतरनाक क्यों माना जाता है :** अब्राहम झील सालभर मीथेन गैस उत्सर्जित करती है और इसी कारण इसे खतरा माना जाता है। दरअसल, मीथेन अत्यधिक ज्वलनशील और एक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस के रूप में कार्य करती है। इसमें कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में 25 गुना अधिक गर्मी रोकने की क्षमता होती है और ये ग्लोबल वॉर्मिंग को बढ़ा सकती है।

#### झील में मीथेन गैस कैसे बनती है?

जब इस झील के तल पर मौजूद पौधे और पेड़ों की शाखाएं सड़ने लगती हैं तो इस प्रक्रिया के दौरान मीथेन गैस निकलती है, जिससे पानी में बुलबुले बनते हैं। ठंड के दौरान झील के जमने के साथ-साथ गैस के बुलबुले भी जम जाते हैं और दूधिया रंग के इन बुलबुलों की एक लड़ी सी बन जाती है, जिससे झील की सुंदरता और बढ़ जाती है। इस वजह से काफी संख्या में पर्यटक इसकी ओर आकर्षित होते हैं।

#### एक्स पर साझा की गई झील की तस्वीरें और वीडियो

एक एक्स यूजर ने अब्राहम झील की कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा की थी, जिसमें मीथेन गैस के जमे हुए बुलबुले आसानी से देखे जा सकते हैं। इस पोस्ट के साथ यूजर ने कैप्शन में लिखा, 'ऐसे अनुभवों का दस्तावेज बनाने के लिए यह थ्रेड शुरू कर रही हूं, जिन्हें शब्दों में बयां करना मुश्किल है। जैसा कि कहा जाता है कि एक तस्वीर 1,000 शब्दों के बराबर होती है।'

#### अब्राहम झील से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी

अब्राहम झील का निर्माण साल 1972 में कैलगरी पावर कंपनी (अब ट्रांस अल्टा) ने बिघोर्न बांध के निर्माण के साथ किया था। यह लगभग 4,335 फीट गहरी और 20 मील लंबी है। साथ ही इस झील के आस-पास जंगल और पहाड़ है, जिस वजह से आपको यहां वन्यजीवन देखने का भी मौका मिल सकता है। बता दें कि यह मानव निर्मित झील न सिर्फ सर्दियों, बल्कि गर्मियों में घूमने के लिए भी एक लोकप्रिय स्थान है।

# *भारत का ऐसा हिल स्टेशन जहां कभी डाकुओं का हुआ करता था बसेरा, छुपाते थे अपना खजाना*

### अब यह जगह है देहरादून का मशहूर पर्यटन स्थल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देहरादून अपनी खूबसूरत वादियों के लिए मशहूर है। यह उत्तराखंड का सबसे अच्छा हिल स्टेशन माना जाता है। यह शहर अपने धार्मिक आकर्षण, प्राकृतिक सुंदरता और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के लिए ही पर्यटकों का फेवरेट है। यहां घूमने के लिए बहुत सी जगह हैं, जो लोग को आकर्षित करती हैं। इनमें से एक है रॉबर्स केव। जिसे गुच्चुपानी के नाम से भी जाना जाता है। यह एक छोटी सी गुफा है, जिसमें से जलधारा बहती है। यह जगह देहरादून से करीब 8 किमी की दूरी पर स्थित है। हो सकता है कि आपने यह गुफा देखी हो, लेकिन इसके बारे में आप वो नहीं जानते, जो हम आपको बताने वाले हैं।

#### डाकू सुल्ताना व मानसिंह की शरणस्थली

दरअसल, देहरादून में पहले डाकुओं का डेरा था। अंग्रेजों के समय में देहरादून इतना पॉपुलर नहीं था। अंग्रेजों के जमाने में यहां डाकू रहा करते थे। बताया जाता है कि रॉबर्स केव में डाकू सुल्ताना और मानसिंह डकैती करने के बाद छिपा करते थे। इस गुफा में कई डरावने और खुफिया रास्ते हैं, इसलिए वे कभी भी अंग्रेजों के हाथ नहीं लग पाए।



#### चर्म रोग ठीक कर देता है यहां का पानी

कहते हैं कि यहां का गंधक युक्त पानी से पुराने से पुराना चर्म रोग भी ठीक हो जाता है। इस पानी में ऐसा क्या है, आज तक कोई नहीं बता पाया, लेकिन यह पानी उन लोगों के लिए किसी दवा से कम नहीं है, जो त्वचा से जुड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। तो अगली बार आप जब भी देहरादून घूमने आएं, डाकुओं की यह गुफा जरूर देखें।

#### ब्रिटिशर्स ने दिया था रॉबर्स केव नाम

रिटिशर्स के जमाने में देहरादून डाकुओं का शहर कहा जाता था। यहां के रॉबर केव में डाकू सुल्ताना और मानसिंह डकैती करके छिपा करते थे। रॉबर्स यानी चोर होता है, इसलिए अंग्रेजों ने इस गुफा को रॉबर्स केव नाम दिया था। यह गुफा 650 मीटर लंबी है। इस गुफा से आज भी पानी की धाराएं बहती हैं।

# ये है 'मरे हुए लोगों की धरती'! लोग महीनों सहेजे रखते हैं शव


### खिलाने-पिलाने और कपड़े बदलते रहने का है रिवाज़

**नई दिल्ली।** दुनिया में ऐसी बहुत सी जगहें हैं, जिनके बारे में हमें इतना नहीं पता होता है। धरती पर अलग-अलग देशों में ऐसे तमाम रीति-रिवाज़ हैं, जिन्हें समझ पाना ही कई बार काफी मुश्किल हो जाता है। एक ऐसा ही रिवाज इंडोनेशिया के एक खास द्वीप में मौजूद जनजाति के लोग निभाते हैं। आमतौर पर आप सोच भी नहीं सकते कि मृत लोगों के शरीर को दफनाने के बाद वापस निकाला जाए, लेकिन यहां ऐसा पारंपरिक तौर पर किया जाता है।

**सुलावेसी द्वीप में रहते हैं टोराजन लोग :** रिपोर्ट के मुताबिक इंडोनेशिया के सुलावेसी नाम के द्वीप में ये परंपरा चली आ रही है। यहां रहने वाले टोराजन लोग अपने परिवार के लोगों की मौत हो जाने के बाद भी उन्हें मृत नहीं मानते हैं। वे उनके शरीर को हफ्ते, महीनों और कई बार सालों तक ममी बनाकर रखते हैं।

#### अपने हैसियत के हिसाब से रखते हैं शवों को

टोराजन लोग मृत लोगों को वक्त पर खाना देते हैं, साफ-सुथरा कपड़े पहनाते हैं और उनका पूरा ध्यान रखते हैं। लोग मृत शरीर को लोग अपनी आर्थिक स्थिति के मुताबिक घर पर रखते हैं। गरीब लोग जहां जल्दी ही अंतिम संस्कार कर देते हैं, वहीं अमीर लोग इन्हें कई वर्षों तक घर में ममी बनाकर रखते हैं। इन्हें तोमाकुला यानि बीमार व्यक्ति माना जाता है, इन्हें आखिरी विदा देने का तरीका भी काफी अलग है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com